# मेट्रो Rays


आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, बुधवार, 21 मई 2025

संवत 2082, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष-08 - मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 256 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028


4 ▸▸ आतंकी फन को कुचलने का सही वक्त

उर्फी जावेद ने बताई कान के रेड कार्पेट की सच्चाई ◂◂ 6


## रजरप्पा में अवैध कोयला खदान में लंबे समय से धधक रही आग, जिंदा समा गया मजदूर, रेस्क्यू जारी

संवाददाता



**रामगढ़:** जिले के रजरप्पा थाना क्षेत्र के भुचुंगडीह में भैरवी नदी के किनारे अवैध सुरंगनुमा कोयला खदान में भीषण आग लग गई, जिसे बुझाने के दौरान एक मजदूर देर रात इसमें जिंदा समा गया। घटना की जानकारी मिलते ही सीसीएल और रजरप्पा पुलिस मौके पर पहुंची और गिरे मजदूर की खोजबीन शुरू की। माइंस रेस्क्यू की टीम भी मौके पर मौजूद है प्रशासन और सीसीएल प्रबंधन द्वारा पिछले सात घंटे से बचाव कार्य जारी है। हालांकि, लापता रविन्द्र महतो का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

दरअसल, रजरप्पा थाना क्षेत्र के भुचुंगडीह में भैरवी नदी के किनारे अवैध कोयले खादान में पिछले एक महीने से आग धधक रही है। जिला प्रशासन, वन विभाग और सीसीएल द्वारा आग बुझाने का काम किया जा रहा है। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, रामगढ़ विधायक ममता देवी ने भी इस क्षेत्र का निरीक्षण किया था और आग पर हर हाल में काबू पाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए थे। जिसके बाद एक ट्रेंच काटा गया था ताकि फ्लाई ऐश और डस्ट डालकर आग पर काबू पाया जा सके। इस बीच, आग बुझाने के समय एक मजदूर उसमें गिर गया। लापता मजदूर की पहचान गोला थाना क्षेत्र के खोखा (बंदा) का रहने वाला रविंद्र महतो के रूप में हुई है। इधर, घटना को लेकर प्रत्यक्षदर्शी गांधी महतो ने बताया कि रविंद्र पाइप लेकर आग बुझा रहा था। इस दौरान अचानक जमीन धंस गई और रविंद्र उसमें समा गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे बचाने की काफी कोशिश की लेकिन आग इतनी तेज थी कि वे उसे बचा नहीं सके। ग्रामीणों का आरोप है कि इस अवैध खदान में आग लगने की सूचना मिले एक महीने से अधिक समय हो गया है, लेकिन अब तक आग बुझाने के कोई ठोस इंतजाम नहीं किए गए हैं। प्रबंधन की ओर से भी इसे गंभीरता से नहीं लिया गया, जिसके कारण यह हादसा हुआ है। आग बुझाने के कार्य में कोई सुरक्षा इंतजाम भी नहीं था।

घटना की सूचना मिलने के बाद रजरप्पा थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, सीसीएल रजरप्पा के महाप्रबंधक कल्याणजी प्रसाद समेत कई अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन उन्हें स्थानीय लोगों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। मामले की गंभीरता को देखते हुए रामगढ़ डीसी चंदन कुमार, रामगढ़ एसपी अजय कुमार, रामगढ़ विधायक ममता देवी मौके पर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। साथ ही सरकारी प्रावधानों के अनुसार लिखित रूप से मुआवजा दिलाने का आश्वासन भी दिया।

वहीं, रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने बताया कि अवैध कोयला खदान में लगी आग को बुझाने में मजूदर जुटे थे। इसी दौरान एक मजदूर खदान में गिर गया। मजदूर को बाहर निकालने के लिए रात से ही बचाव कार्य जारी है। घटना में परिजनों को हर संभव मदद की जाएगी।

## टीएसी की बैठक में गांवों में शराब दुकान और बार खोलने पर लग सकती है मुहर



संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज बुधवार को जनजाति सलाहकार परिषद (टीएसी) की बैठक होगी। यह महत्वपूर्ण बैठक दोपहर 12 बजे से प्रोजेक्ट भवन सभागार में शुरू होगी। टीएसी के सभी सदस्यों को बैठक का एजेंडा भेज दिया गया है। इस बैठक में करीब 6 एजेंडों पर विचार किया जायेगा। राज्य में टीएसी की पिछली बैठक नवंबर 2023 में हुई थी। अब करीब डेढ़ साल के बाद टीएसी की बैठक हो रही है।

**उत्पाद नियमावली 2025 के नियम पर होगा विचार :** टीएसी बैठक को लेकर सदस्यों को भेजे गये एजेंडा के अनुसार टीएसी बैठक में झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली 2025 के गठन संबंधित प्रस्तावित अधिसूचना के प्रारूप के नियम पर विचार किया जायेगा।

**मेसा बिल 2021 के संशोधन पर किया जायेगा विचार :** टीएसी की बैठक में द प्रोविजन ऑफ द म्युनिसिपालिटी एक्सटेंशन टू द शेड्यूल एरिया (मेसा बिल) 2021 के संशोधन पर भी विचार किया जायेगा। इसके तहत राज्य के शेड्यूल एरिया में स्थित नगरपालिका स्टैंडिंग कमेटी की अनुशंसा बाध्यकारी किये जाने संबंधित पूर्व के प्रावधान में संशोधन करते हुए इसके विलोपन के प्रस्ताव पर विचार किया जायेगा। इसे समाप्त किये जाने से विधेयक में जनजातीय सदस्य की अध्यक्षता में प्रस्तावित स्टैंडिंग कमेटी की शक्तियां सीमित हो जायेगी।

**इचा डैम का निर्माण कार्य फिर से शुरू करने पर विचार :** बैठक में पश्चिमी सिंहभूम के खरकई नदी पर प्रस्तावित इचा डैम के निर्माण को फिर से शुरू करने पर विचार किया जायेगा। इस प्रस्ताव को बैठक में स्वीकृति मिलने की संभावना है। पूर्व में स्वर्णरखा बहुउद्देशीय परियोजना के तहत निर्मित होने वाले इस डैम के निर्माण पर पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की अध्यक्षता वाली कमेटी की अनुशंसा पर रोक लगा दी गयी थी। अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में इसका निर्माण जारी रखने पर विचार किया किया जायेगा।

## कर्नाटक में दर्दनाक सड़क हादसा 6 लोगों की मौके पर ही मौत

**विजयपुर :** कर्नाटक में बुधवार सुबह भीषण सड़क हादसे में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मंगोली के पास एक कार और बस के बीच जोरदार टक्कर होने से यह हादसा हो गया। एसयूवी कार सोलापुर जा रही थी, इस दौरान वह मुंबई-बल्लारी बस से जा टकराई।

एसयूवी में सवार पांच यात्री और बस चालक की मौके पर ही मौत हो गई। खबर लिखे जाने तक मरने वालों की पहचान नहीं हो पाई थी। हादसा इतना भयंकर था कि कार के परखच्चे उड़ गए। धमाके सी आवाज सुनकर लोग इकट्ठे हो गए और तुरंत पुलिस को सूचित किया।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस दर्दनाक हादसे के बाद लोगों की काफी भीड़ जुट गई। ट्रैफिक जाम की स्थिति हो गई, जिसके बाद पुलिस ने सड़क से क्षतिग्रस्त गाड़ियों को हटाकर जाम खुलवाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस टक्कर की आवाज काफी दूर तक सुनाई दी, जिसके बाद वहां लोग जुटना शुरू हो गए।

हाल के महीनों में कर्नाटक में सड़क हादसों में कई लोगों ने अपनी जान गंवानी पड़ी है।

8 मई को हावेरी जिले में सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए थे। यह हादसा ब्यादगी तालुक के मोटेबेन्नूर गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर हुआ था, जब एक कार ने ट्रक को पीछे से जोरदार टक्कर मारी थी। इसके अलावा, 4 जनवरी को कर्नाटक के गडग में एक भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। यह हादसा गडग जिले के हुलाकोटी गांव के पास हुआ था।

## आईएएस पूजा सिंघल पति संग जाना चाहती है दूसरे देश ,पासपोर्ट रिलीज के लिए याचिका दाखिल



**रांची :** आईएएस पूजा सिंघल अमेरिका जाना चाहती है। इसके लिए पूजा सिंघल और उनके पति अभिषेक झा ने रांची के पीएमएलए (प्रीवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट) कोर्ट में याचिका दायर कर पासपोर्ट रिलीज करने का आग्रह किया है। दायर याचिका में अपनी बेटी का नामांकन कराने के लिए अमेरिका जाने की बात कही गयी है। पूजा सिंघल द्वारा दायर याचिका में 12 जून को सुनवाई होगी।

**मनरेगा घोटाला मामले में हुई थी गिरफ्तारी :** मनरेगा घोटाला मामले में पूजा सिंघल को 11 मई 2022 को ईडी ने गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी से पहले जांच के दौरान ईडी ने कुल 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। पूजा सिंघल के सीए के आवास और कार्यालय पर भी छापे पड़े। इसमें ईडी को 19.31 करोड़ रुपए नकद मिले थे।

**28 महीने बाद मिली थी जमानत :** इसके बाद 28 महीने बाद 7 दिसंबर 2024 को पूजा सिंघल को जमानत मिली थी। प्रीवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका मंजूर की थी।पूजा सिंघल को भारत नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 (बीएनएसएस 2023) के एक प्रावधान के तहत जमानत मिली है। इस कानून में प्रावधान है कि अगर कोई आरोपी लंबे समय से जेल में बंद है और उसने उस मामले में दी जाने वाली कुल सजा की एक तिहाई अवधि जेल में बिता ली है, तो उसे जमानत दी जा सकती है।

## भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत, वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में 6.4-6.5 प्रतिशत वृद्धि का पूर्वानुमान : एसबीआई



**नई दिल्ली :** वैश्विक उथल-पुथल और मौसमी प्रभावों के बावजूद, भारतीय अर्थव्यवस्था काफी हद तक मजबूत बनी हुई है और वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 6.4-6.5 प्रतिशत रहने का पूवार्नुमान है। यह जानकारी बुधवार को जारी एसबीआई की एक रिपोर्ट में दी गई है।

जीडीपी का सांख्यिकीय रूप से अनुमान लगाने के लिए, भारतीय स्टेट बैंक के इकोनॉमिक रिसर्च डिपार्टमेंट ने इंडस्ट्री एक्टिविटी, सर्विस एक्टिविटी और ग्लोबल इकोनॉमी से जुड़े 36 हाई फ्रीक्वेंसी इंडिकेटर्स के साथ एक ह्यनाउकास्टिंग मॉडलह्न बनाया है।

यह मॉडल वित्त वर्ष 2013 की चौथी तिमाही से वित्त वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही तक सभी हाई-फ्रिक्वेंसी इंडिकेटर्स के कॉमन, रिप्रेजेंटेटिव या लेटेंट फैक्टर का अनुमान लगाने के लिए डायनैमिक फैक्टर मॉडल का इस्तेमाल करता है।

एसबीआई के ग्रुप चीफ इकोनॉमिक एडवाइजर डॉ. सौम्य कांति घोष ने कहा, ₹हमारे ह्यनाउकास्टिंग मॉडलह्न के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही के लिए अनुमानित जीडीपी वृद्धि दर 6.4-6.5 प्रतिशत के आसपास आनी चाहिए।₹

घोष ने कहा कि यह मानते हुए कि एनएसओ से जारी अपकमिंग डेटा में पहली से तीसरी तिमाही के अनुमानों में कोई बड़ा रिविजन नहीं होगा, हमें उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025 में जीडीपी 6.3 प्रतिशत रहेगी।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून 1 जून की अपनी सामान्य शुरूआत की तारीख से काफी पहले, अगले चार से पांच दिनों में केरल में पहुंचने की संभावना है। अगर मानसून केरल में अनुमान के अनुसार पहुंचता है, तो यह 2009 के बाद से भारत के मुख्य भूमि क्षेत्र पर जल्दी दस्तक देने को लेकर रिकॉर्ड किया जाएगा।

एसबीआई की रिपोर्ट में कहा गया है, भारत बेहतर मानसून बारिश के पूर्वानुमान पर जुलाई से शुरू होने वाले 2025-26 फसल वर्ष में 354.64 मिलियन टन खाद्यान्न उत्पादन का लक्ष्य बना रहा है। चालू 2024-25 फसल वर्ष में, सरकार ने 341.55 मिलियन टन खाद्यान्न उत्पादन (अब तकः 332.3 मिलियन टन) का लक्ष्य रखा था।

व्यापार तनाव में तेजी से वृद्धि और नीति अनिश्चितता के अत्यधिक उच्च स्तर का वैश्विक आर्थिक गतिविधि पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की उम्मीद है।

आईएमएफ के अनुसार, वैश्विक विकास 2025 में 2.8 प्रतिशत और 2026 में 3 प्रतिशत तक गिरने का अनुमान है।

रिपोर्ट में बताया गया है, भारत के लिए, विकास का दृष्टिकोण वित्त वर्ष 2025 में 6.2 प्रतिशत, वित्त वर्ष 2026 के लिए 6.3 प्रतिशत पर अपेक्षाकृत अधिक स्थिर है, जिसे निजी खपत, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में समर्थन प्राप्त है, लेकिन यह दर व्यापार तनाव और वैश्विक अनिश्चितता के उच्च स्तर के कारण पहले के अनुमान से 30 बीपीएस कम है।

## ऑपरेशन सिंदूर' पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में प्रोफेसर अली खान को मिली अंतरिम जमानत



**नई दिल्ली :** हरियाणा के सोनीपत स्थित अशोका यूनिवर्सिटी के सहायक प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद को 'ऑपरेशन सिंदूर' और भारतीय सेना की महिला अधिकारियों कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिल गई।

प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद को जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने अंतरिम जमानत दी है। अली खान के मामले की पैरवी वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने की।

कपिल सिब्बल ने प्रोफेसर अली खान की फेसबुक पोस्ट पढ़ी। इस पर जस्टिस सूर्यकांत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि, हर आदमी को अपनी बात कहने का अधिकार है। लेकिन, इस समय इस तरह की सांप्रदायिक बात लिखने की क्या जरूरत थी?

जस्टिस सूर्यकांत ने आगे कहा, देश उस वक़्त मुश्किल में था। हमारे नागरिकों पर हमला हुआ था। ऐसे वक्त पर इस तरह का बयान क्यों देना है? क्या इसके माध्यम से लोकप्रियता पाने की कोशिश क गई? इस तरह की बात के लिए क्या यह सही वक्त था?

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हमें यकीन है कि वह बहुत शिक्षित हैं, पर आप दूसरों को चोट पहुंचाए बिना भी बहुत सरल भाषा में अपनी बात कह सकते थे, ऐसे शब्दों का इस्तेमाल कर सकते थे जो सहज और सम्मानजनक हों। हरियाणा सरकार के वकील एएसजी एस वी राजू ने कहा कि इनको राहत के लिए हाईकोर्ट जाना चाहिए था। लेकिन, ये सीधे सुप्रीम कोर्ट चले आए। कपिल सिब्बल ने कहा कि, प्रोफेसर अली खान की पत्नी प्रेग्नेंट है और उन्हें जेल भेज दिया गया है।

अंतरिम जमानत देने के साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने मामले की जांच के लिए 3 आईपीएस अधिकारियों की एसआईटी बनाई है। प्रोफेसर अली खान को सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट से जुड़ा दूसरा कोई पोस्ट नहीं लिखने का आदेश दिया गया है। साथ ही उन्हें अपना पासपोर्ट सोनीपत की अदालत में सरेंडर करने का आदेश भी दिया गया है।

### छत्तीसगढ़ में नक्सलियों पर सबसे बड़ी कार्रवाई

## अबुझमाड़ में 26 नक्सली ढेर, एक करोड़ का इनामी राजू भी मारा गया

संवाददाता



**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के घने जंगलों में नक्सलवाद के खिलाफ चल रही निर्णायक लड़ाई ने एक बड़ा मोड़ ले लिया है। नारायणपुर ज़िले के अबुझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में 26 नक्सलियों को ढेर कर दिया गया है। इस भीषण मुठभेड़ में एक जवान शहीद हो गया, जबकि एक अन्य घायल हुआ है, जिसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

यह मुठभेड़ कोई सामान्य कार्रवाई नहीं थी, बल्कि यह छत्तीसगढ़ के इतिहास की सबसे बड़ी नक्सल विरोधी कार्रवाइयों में से एक मानी जा रही है। पिछले 50 घंटों से ज्यादा समय से ऑपरेशन लगातार जारी है। डीआरजी के बहादुर जवानों ने बीजापुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर और कोंडागांव ज़िलों की सीमाओं से लगे घने जंगलों में संयुक्त कार्रवाई की।

सूत्रों के मुताबिक, अबुझमाड़ के गहरे जंगलों में नक्सलियों के बड़े कमांडरों को घेर लिया गया था। जैसे ही सुरक्षा बलों ने घेरा सख्त किया, मुठभेड़ तेज हो गई और अंततः 26 नक्सली मारे गए। मारे गए नक्सलियों में कई शीर्ष स्तरीय कमांडर शामिल हैं।

**एक करोड़ का इनामी नक्सली लीडर 'राजू' भी ढेर :** इस ऑपरेशन की सबसे बड़ी सफलता यह रही कि सुरक्षाबलों ने एक करोड़ रुपये के इनामी नक्सली कमांडर 'राजू' को भी मार गिराया। राजू छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में नक्सल गतिविधियों का मास्टरमाइंड था। उसने कई हमलों की साजिश रची थी और दर्जनों सुरक्षाबलों की शहादत का ज़िम्मेदार था।

**राज्य के गृह मंत्री विजय शर्मा ने दी जानकारी :** छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री विजय शर्मा ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए कहा, ₹यह ऑपरेशन सुरक्षाबलों की वीरता और रणनीतिक कौशल का जीता-जागता उदाहरण है। जवानों की भुजाओं की ताकत से नक्सलियों के खिलाफ एक और बड़ी सफलता मिली है। अभी सर्च ऑपरेशन जारी है, और मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है।₹

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि एक जवान घायल हुआ है जो खतरे से बाहर है, जबकि एक सहयोगी वीरगति को प्राप्त हुए हैं।

**नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक मोर्चा :** छत्तीसगढ़ सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि राज्य को नक्सल मुक्त बनाने का संकल्प अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा और कोंडागांव जैसे जिलों में लगातार सर्च ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं। सुरक्षाबलों को इन इलाकों में स्थानीय लोगों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है, जो अब हिंसा और भय से बाहर आना चाहते हैं।

**अबुझमाड़ : लंबे समय से रहा है नक्सलियों का गढ़ :** अबुझमाड़ वह इलाका है जो भूगोल की दृष्टि से दुर्गम और राज्य के सबसे संवेदनशील नक्सल इलाकों में से एक रहा है। यह क्षेत्र लंबे समय तक सुरक्षा बलों के लिए एक चुनौती बना रहा, लेकिन अब यहां पर नक्सलियों की पकड़ ढीली पड़ती दिख रही है।

राज्य पुलिस और केंद्रीय बलों का कहना है कि यह ऑपरेशन अभी समाप्त नहीं हुआ है। मुठभेड़ स्थल से अब भी डेडबॉडीज बरामद की जा रही हैं, और कुछ नक्सली जंगलों में घायल अवस्था में भागे हैं जिनकी तलाश की जा रही है।

यह कार्रवाई सिर्फ नक्सलियों के खिलाफ एक बड़ी सैन्य जीत नहीं है, बल्कि यह छत्तीसगढ़ के उन हजारों गांवों के लिए उम्मीद की नई किरण है जो दशकों से खून-खराबे और डर के साए में जी रहे थे। यह मुठभेड़ एक संदेश है—अब जंगलों की वीरानियों में बंदूकें नहीं, विकास की आवाज गूंजेगी।

## बीबीएमकेयू में बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा का अनावरण

# शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम जोड़ने का काम किया: सीएम

मेट्रो रेज

**धनबाद:** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी में मंगलवार को पूर्व घोषित प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान विनोद बिहारी महतो की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप राज्यपाल संतोष गंगवार और विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल हुए.

राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने संयुक्त रूप से बीबीएमकेयू परिसर में स्थापित बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा का अनावरण किया. कुलपति ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया. इस मौके पर मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, सांसद सीपी चौधरी, विधायक राज सिन्हा, जयराम महतो, अरूप चटर्जी, जयमंगल सिंह, शत्रुघ्न महतो, चंद्रदेव महतो, उमाकांत रजक, मथुरा महतो और पूर्व मंत्री बेबी देवी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सरकार झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मान और उनके नाम को सजाने के काम कर रही है. उन्होंने कहा कि इस दिन का लंबे समय से उन्हें और सभी को इंतजार था. सीएम ने कहा कि इस राज्य की जो भौगोलिक संरचना है, उसके अनुरूप शिक्षा व्यवस्था के लिए नई-नई पहल की जा रही है. सीएम ने कहा कि सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम जोड़ने का काम किया है.

सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि 2014 के कार्यकाल में हजारीबाग विश्वविद्यालय से हटाकर कोयलांचल में एक अलग विश्वविद्यालय बने, इसकी परिकल्पना उन्होंने ही की थी. आज बिनोद बिहारी महतो विश्वविद्यालय झारखंड के बच्चों के भविष्य को निखारने में निरंतर प्रयासरत है. मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी जानते हैं यह राज्य एक आंदोलन की उपज है. राज्य को अलग करने के लिए मूलवासियों और आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के अंदर अलग-अलग गली कस्बों और चौक-चौराहों को हमारे वीर सपूतों के नाम से जाना जाता है. कहीं उनकी मूर्तियां हैं तो कहीं फोटो लगी हुई है. उन्होंने कहा कि कई ऐसे चौराहे हैं, जो आज भी महापुरुषों की मूर्ति लगने का इंतजार कर रहे हैं. सीएम ने कहा कि झारखंड के पुरोधा बिनोद बिहारी महतो का सपना आज पूरा होता हुआ दिख रहा है. सीएम ने बिनोद बिहारी महतो के ऐतिहासिक पहलुओं के बारे में मंच से लोगों को बताया.



### संसद में बिनोद बिहारी के साथ रहे: राज्यपाल

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल सतोष गंगवार ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में झारखंड को और भी आगे ले जाना है. उन्होंने कहा कि वे बिनोद बिहारी के साथ संसद में रहे. राज्यपाल ने कहा कि वे बिनोद बिहारी और उनके परिवार के साथ अच्छे से परिचित हैं. उन्होंने कहा कि बिनोद बिहारी महतो की सक्रियता और सोच का परिणाम है. उन्होंने समाज में शिक्षा को बढ़ावा दिया. उन्होंने कहा कि बिनोद बिहारी की प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को यह स्मरण कराते रहेगी. राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि उच्च शिक्षा में राज्य आगे नहीं बढ़ पा रहा है. लेकिन उम्मीद है कि यह विश्वविद्यालय इस दिशा में बेहतर करने का प्रयास करेगी. उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा में देश कैसे आगे बढ़े लोगों की इसकी चिंता होनी चाहिए. विद्यार्थियों का कार्य पढ़ना, शिक्षक का कार्य उन्हें पढ़ाना और अधिकारियों का कार्य है कि वे पुल की तरह काम करें. मौलिकता ही देश की प्रगति में सहायक हो, हमें ऐसा वातावरण विद्यार्थियों को देना होगा.

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण

# मलेरिया विभाग की जोनल टीम पहुंची हंटरगंज



मेट्रो रेज

**चतरा :** मलेरिया विभाग की जोनल टीम मंगलवार को हंटरगंज पहुंची। जहां विभाग की टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हंटरगंज अस्पताल का निरीक्षण किया। जांच टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अस्पताल के लैब, ओपीडी, प्रसव कक्ष समेत अन्य विभागों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मलेरिया जोनल टीम के महेन्द्र पाल ने मरीजों एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर फीडबैक प्राप्त किया।इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों के साथ ही मरीजों के परिजनों को मलेरिया के प्रति जागरूक करते हुए मलेरिया उन्मूलन के बारे में चर्चा की गई। वही स्वास्थ्य कर्मियों को कई दिशा - निर्देश भी दिए।निरीक्षण दल में मलेरिया विभाग जोनल टीम के महेंद्र पाल, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी वेद प्रकाश,बीपीएम संजय सिंहा, एमटीएस राजेश कुमार, एलटी अरविंद कुमार, डॉक्टर विभा कुमारी सहित अन्य कर्मचारी शामिल थे।

## न्यूज IN ब्रीफ

### एचएमएस की बैठक में स्थानीय विधायक को नहीं किया गया आमंत्रित

#### विधायक जनार्दन पासवान ने जताई आपत्ति कहा, एचएमएस की बैठक में नहीं बुलाना दुर्भाग्यपूर्ण

**चतरा :** सदर अस्पताल की व्यवस्था में सुधार लाने तथा आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उदेश्य से सरकार ने अस्पताल प्रबंधन समिति बनाई है। नियम के अनुसार प्रत्येक तीन माह इस समिति की बैठक होनी है। बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति अनिवार्य है। लेकिन मंगलवार को सदर अस्पताल में आयोजित बैठक की सूचना स्थानीय विधायक को नहीं दी गई। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ मनीष कुमार के द्वारा बैठक को लेकर निकाली गई चिट्ठी में जनप्रतिनिधि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सांसद प्रतिनिधि को पत्र दिया गया, लेकिन उन्होंने बैठक में स्थानीय विधायक को बुलाना उचित नहीं समझा। जबकि इससे पहले आयोजित होने वाले अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक में विधायक के प्रतिनिधि उपस्थिति रहते थे। इस पर स्थानीय विधायक जनार्दन पासवान ने कड़ा एतराज जताया है। विधायक ने कहा कि सदर अस्पताल की व्यवस्था बद से बदतर है। इसमें सुधार की जरूरत है। अस्पताल प्रबंधन समिति इसी सुधार के लिए बना है। इसके बैठक में विधायक को नहीं बुलाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। इस मामले में वह सक्षम अधिकारियों से बात करेंगे। जब इस मामले में बैठक बुलाने वाले सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ मनीष से पुछा गया तो उन्होंने कहा कि बैठक में किसको बुलाना है या नहीं यह कमिटी तय करती है।

### चतरा में स्कॉर्पियो से गाय की चोरी करते चोर सीसीटीवी कैमरे में हुआ रिकॉर्ड



**चतरा :** चतरा शहर में गौ तस्करी व चोरी का एक अजीब मामला सामने आया है। शहर के गंदौरी मंदिर के पास से स्कॉर्पियो सवार चार चोर एक गाय की चोरी करते सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुए हैं। सीसीटीवी में दिख रहा है कि गंदौरी मंदिर गर्ल्स हाई स्कूल में पास एक स्कॉर्पियो लाकर रुकती है और उससे चार लोग नीचे उतरते है। उनके हांथों में रस्सी है। चारों स्कूल के बाहर बैठी गाय को रस्सी में बांधते हैं और स्कॉर्पियो के पीछे के हिस्से में गाय को सवार कर फरार हो जाते हैं। चोरी हुई गाय गंदौरी मंदिर की थी। इस मामले में गंदौरी मंदिर के लोगों ने सदर थाना को सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराते हुए कार्रवाई करने की मांग किया है।

### बिजली ठीक करने ट्रांसफार्मर पोल पर चढ़े मैकेनिक को लगा करंट, घायल



**चतरा :** मंगलवार को हंटरगंज थाना क्षेत्र के सीआरपीएफ कैंप के समीप बिजली ठीक करने के लिए ट्रांसफॉमर पोल पर चढ़े एक मैकेनिक करंट की चपेट में आकर नीचे जमीन पर गिर गया। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। इधर ग्रामीणों के सहयोग से घायल मैकेनिक को हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार लके बाद बेहतर ईलाज हेतु बिहार के गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि मैकेनिक के कमर में गंभीर चोट आई है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सीआरपीएफ कैंप के समीप मोहल्ले में बिजली लाइन में खराबी आने से बिजली गुल हो गई थी। शिकायत पर बिजली मैकेनिक देवनबार निवासी लवकुश कुमार (30) बिजली ठीक करने के लिए ट्रांसफार्मर के पोल पर चढ़े और ट्रांसफार्मर में फॉल्ट बना रहे थे। इसी दौरान उन्होंने बिजली के तारों को हाथ लगाया, उसमें करंट आ गया। करंट का झटका लगते ही वह नीचे गिर गया। और गंभीर रूप से घायल हो गए।ग्रामीणों ने आनन - फानन में उन्हें घायल अवस्था में हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें गया रेफर कर दिया। घटना की सुचना मिलते ही हंटरगंज बिजली विभाग सुपरवाइजर पिंटू सिंह, मैकेनिक संजीत कुमार, अमरेश कुमार, आशीष कुमार, तनु राज, समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे और मैकेनिक का हाल चाल जाना। वही हंटरगंज बिजली विभाग सुपरवाइजर पिंटू सिंह ने बताया कि विभाग को इसकी जानकारी दे दी गई है। वही उन्होंने परिजनों को आश्वासन दिया कि विभाग से मदद दिलाई जाएगी।

### डीपीएस स्कूल, तपेज चतरा में रामायण प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन



**चतरा :** सदर प्रखंड के तपेज गांव में स्थित डीपीएस स्कूल में मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद द्वारा रामायण प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री सुधीर कुमार और बजरंग दल के जिला संयोजक अंकित पांडे ने किया।प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 8 तक के डेढ़ सौ से अधिक बच्चों ने भाग लिया। परीक्षा का मुख्य उद्देश्य बच्चों के बीच रामायण के ज्ञान को बढ़ावा देना और उन्हें संस्कारों में पिरोना था। बच्चों को रामायण के विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तार से बताया गया और परीक्षा डेढ़ घंटे तक चली। सुधीर कुमार ने अपने संबोधन में कहा, ‍‍श्रामायण हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसके ज्ञान से बच्चों में नैतिकता और संस्कारों का विकास होता है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों को हमारे महान ग्रंथों के प्रति जागरूक करती हैं और उन्हें अपने सांस्कृतिक विरासत के प्रति गर्व महसूस करने का अवसर प्रदान करती हैं। हमें गर्व है कि इतने सारे बच्चों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया और अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। यह आयोजन बच्चों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और उन्हें अपने धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को समझने और अपनाने में मदद करता है।श्अंकित पांडे ने भी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा, श्रामायण हमारे जीवन के लिए एक मार्गदर्शक है और इसके ज्ञान से बच्चों में नैतिकता और संस्कारों का विकास होता है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों को हमारे महान ग्रंथों के प्रति जागरूक करती हैं और उन्हें अपने सांस्कृतिक विरासत के प्रति गर्व महसूस करने का अवसर प्रदान करती हैं। हमें गर्व है कि इतने सारे बच्चों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया और अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। यह आयोजन बच्चों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और उन्हें अपने धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को समझने और अपनाने में मदद करता है।श्इस आयोजन से बच्चों में न केवल रामायण के प्रति रुचि बढ़ी, बल्कि उनके संस्कारों में भी निखार आया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और परीक्षा के दौरान अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र और पुरस्कार एग्जामिनेशन का रिजल्ट आने के बाद, गर्मी की छुट्टियों के बाद प्रदान किए जाएंगे।इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य ने भी बच्चों को बधाई दी और कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में डीपीएस स्कूल के प्रधानाचार्य सहित सभी शिक्षकों ने अपना सहयोग दिया।आने वाले समय में, 10 से 20 विद्यालयों में इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने की योजना है, जिससे अधिक से अधिक बच्चों को रामायण के ज्ञान और संस्कारों से परिचित कराया जा सके।

# पिपरवार के सभी परियोजनाओ मे संयुक्त मोर्चा ने किया गेट मिटिंग व विरोध प्रदर्शन



मेट्रो रेज

पिपरवार(चतरा)। केंद्रीय संयुक्त ट्रेड यूनियन के आह्वान पर चार श्रम संहिता निरस्त करने सहित अन्य मांगों को लेकर सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना के पीट कार्यालय,अशोका वर्कशॉप और सीएचपी/सीपीपी परियोजना कार्यालय के समक्ष संयुक्त मोर्चा द्वारा जोरदार विरोध प्रदर्शन के साथ गेट मीटिंग की गई।इसकी अध्यक्षता धनेश्वर गंझू,दिलीप कुमार महतो और मोहम्मद अब्दुल्ला ने संयुक्त रूप से किया।गेट मीटिंग को एटक के अरविन्द शर्मा,रहमतुल्लाह,सोमर गंझू,कयूम अंसारी,इंटक के विद्यापति सिंह,शंकर मुखर्जी,संतोष दास,सीटू के गुरुदयाल सिंह,सीएमयू के आरके सिंह ने संबोधित किया।वक्ताओं ने कहा यह चार श्रम संहिता जिसे सरकार लागू करने के लिए आमादा है यह मजदूर को फिर से गुलामी की ओर धकेलना का प्रयास है। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा लगातार मजदूरों के सुख सुविधा पर हमला किया जा रहा है,जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।केंद्रीय श्रमिक संगठनों के आह्वान पर आगामी 9 जुलाई को होने वाले राष्ट्रीयव्यापी हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया गया।साथ ही हड़ताल को सफल बनाने के लिए जनसंपर्क अभियान और प्रचार प्रसार करने का निर्णय लिया गया।वक्ताओ ने कहा कि 20 मई को जो हड़ताल होनी थी वह अब 9 जुलाई को होगी।क्योंकि देश की स्थिति अभी गंभीर बनी हुई है।सीमा पर तनाव बना हुआ है।उसके लिए हम सभी मजदूर वर्ग,किसान वर्ग, नौजवान,बेरोजगार सभी एकजुटता के साथ देश के साथ हैं।सभा में पहलगाम में मारे गए 26 लोगों के लिए श्रद्धांजलि अर्पित किया गया और इसी के साथ सेना के वीर पराक्रम को भी सराहा गया।उनको सैल्यूट किया गया एवं उसमें जो जवान शहीद हुए उन्हें भी सलामी दी गई।गगन भेदी नारों के साथ सभा की समाप्ति की गई।इस मौके पर सरजू सिंह, साहब राम सतनामी,अनित कुमार,मोहम्मद आलम, ऋषिकेश मिश्रा,नागिया देवी,गेंदी देवी,प्रभा कुमारी, रेगनी देवी,पुष्नी देवी,राखी कुमारी,हैवंती देवी,कुंवर महतो,शिवचरण महतो,तपा ज्योति हाजरा,रथु उरांव तिग्गा,योगेंद्र प्रजापति,मूर्ति देवी,लालो देवी,लक्ष्मनिया देवी,मुखनी देवी,कोहदा गंझू,विजेंद्र प्रसाद,संजय ठाकुर,उदय शर्मा,प्रभु महतो, विराट उरांव,बालेश्वर महतो, अवधेश पांडे,ननका गंझु सहित सैकड़ो की संख्या में मजदूर उपस्थित थे।

# एचएमएस की बैठक से बगैर सूचना के गायब सिविल सर्जन पर शोकाज

- आउटसोर्सिंग कंपनी कमांडो का अनुबंध रद्द करने सहित कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित

मेट्रो रेज

चतरा। सदर अस्पताल के सभागार में अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद उपाध्यक्ष बृजकिशोर तिवारी व सदर अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम उपस्थित हुए। बैठक में सर्वप्रथम पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की समीक्षा की गई। समीक्षा के उपरांत जिला परिषद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने कई आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही बैठक में बगैर सूचना के गायब सिविल सर्जन डा. दिनेश प्रसाद को शोकाज किया गया। जबकि चार चिकित्सक के सदर अस्पताल में प्रतिनियुक्ति के बावजूद योगदान नही देने पर शोकाज करते हुए 24 घंटा के भीतर जवाब मांगा गया। इसके अलावा अस्पताल परिसर में कैंटीन की व्यवस्था करने का प्रस्ताव पारित किया गया। निविदा के बावजूद अस्पताल परिसर में फेबर ब्लाक व रंग-रोगन शुरू नही होने पर भवन प्रमंडल से संपर्क कर संवेदक के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा अस्पताल में आवश्यकता अनुसार मानव बल बढ़ाने का प्रस्ताव पारित किया गया। वहीं बैठक में आउटसोर्सिंग कंपनी कमांडो के ठेकेदार द्वारा लगातार अनुपस्थित रहने पर कंपनी को रद्द करते हुए दूसरे कंपनी को बहाल करने का निर्णय लिया गया। बैठक में इसके अलावा अस्पताल के विकास के लिए कई अहम निर्णय लेते हुए प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में डीआरसीएचओ डा. एलआर पाठक, अस्पताल उपाधीक्षक डा. मनीष कुमार, सांसद प्रतिनिधि विनय सिंह, रेडक्रास के सचिव धर्मेंद्र पाठक समेत अन्य उपस्थित थे।



## झारखंड की 16 ट्रेनें कई दिनों के लिए रद्द

रांची। झारखंड के रेलवे यात्रियों के लिए बुरी खबर है। रेलवे ने प्रदेश के अलग-अलग इलाकों से होकर गुजरने वाली कई ट्रेनों को रद्द करने का फैसला किया है। हावड़ा-ओडिशा और बिहार-यूपी मार्ग की ट्रेनों के रद्द होने के बाद यात्री कंफर्म टिकट रद्द करा रहे हैं। टाटानगर समेत चक्रधरपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर मंगलवार को तीन सौ से अधिक यात्रियों ने कंफर्म टिकट रद्द कराया। बता दें कि 20 मई से 28 जून तक दिन बदलकर आठ जोड़ी ट्रेनों का परिचालन प्रभावित होगा। रेलवे ने इसकी वजह भी बताई है। इससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। रेलवे ने बताया कि गम्हरिया और सीनी स्टेशन के बीच लाइन ब्लॉक के कारण आठ ट्रेनों का परिचालन सप्ताह में एक दिन रद्द करने, मार्ग बदलने और परिचालन दूरी कम करने का आदेश दक्षिण पूर्व जोन से हुआ है। इससे हावड़ा-जगदलपुर संबलेश्वरी एक्सप्रेस 20 मई से 26 जून तक, हावड़ा-बड़बिल जनशताब्दी एक्सप्रेस 21 मई से 28 जून तक, टाटा-गुवा मेमू ट्रेन 21 मई से 28 जून तक, टाटानगर-राउरकेला मेमू ट्रेन 21 मई से 28 जून तक और टाटा-बिलासपुर एक्सप्रेस 21 मई से 26 जून तक रद्द रहेगी। इससे कोल्हान में छोटे स्टेशनों से यात्रा करने वाले ग्रामीण, मजदूर और छात्रों को आवागमन में दिक्कत होगी।

# बूंद बूंद पानी को तरस रहे स्कूली बच्चे, विभाग मौन

- नदी का गंदा व दूषित पानी पीने को विवश हैं छात्र-छात्राऐं
- नदी का दूषित जल से ही बनता है मिड डे मील का भोजन, बच्चे बीमार हुए तो जिम्मेदार कौन

प्रवीण सिंह/मैट्रो रेज

**चतरा :** कहने को तो झारखंड सरकार शिक्षा व्यवस्था पर प्रत्येक वर्ष करोड़ों रुपए खर्च करती है। लेकिन चतरा का एक विद्यालय से जलसंकट की आई यह तस्वीर राज्य सरकार को मुंह चिढ़ाने के लिए काफी है। सरकारी स्कूल के छात्र छात्राओं को पीने के लिए दो बूंद पानी तक मयस्सर नहीं है। जिसके चलते स्कूली बच्चों को नदी का दूषित व गंदा जल का सेवन करना पड़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि बच्चों के लिए स्कूल में बनने वाले मिड-डे मील भी इसी पानी से बनता है। शिक्षकों की माने तो इसकी जानकारी स्थानीय जनप्रतिनिधि से लेकर विभागीय अधिकारियों को देने के साथ ही बच्चों को स्वच्छ पानी उप्लब्ध कराने के लिए गुहार लगा चुके है। लेकिन अब तक इस दिशा में को कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। वहीं दूसरी ओर बच्चों के लगातार बगल के नदी से गंदा पानी पीने और उसी पानी से मिड-डे मील का खाना बनने से बीमार पड़ने की संभावना है। चतरा जिले के कुंदा प्रखंड के नवादा पंचायत के सिंदूरी गांव के उत्क्रमित मध्य विद्यालय से यह भयावह तस्वीर सामने आई है।हालत यह बताते हैं कि स्कूली बच्चों को दो बूंद स्वच्छ पानी मयस्सर नहीं हुआ। आश्चर्य जनक तथ्य यह है कि पेयजल आपूर्ति विभाग की ओर से स्कूल कैंपस में एक चापानल लगा दिया गया है, लेकिन इस चापानल से एक बूंद भी पानी नही निकलता। चतरा से भाजपा सांसद कालीचरण सिंह व चतरा विधानसभा क्षेत्र के लोजपा रामबिलाश पार्टी के विधायक जनार्दन पासवान को सिंदूरी स्कूल के बच्चों की ये बेवशी जरूर देखनी चाहिए। झारखंड के अबूआ सरकार के इस क्षेत्र में बूंद बूंद पानी के लिए स्कूली बच्चे तड़प रहे हैं। सरकार ने हर घर पानी पहुंचाने का दावा किया था। लेकिन यहां तो सिंदूरी स्कूल के बच्चों को पास के ही नदी में जाकर गंदा पानी के सहारे प्यास बुझानी पड़ रही है। जिससे उनकी सेहत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है जो बच्चे कभी भी गंभीर बीमारी के चपेट में आ सकते हैं।



### क्या कहते हैं डीएसई

मैट्रो रेज संवादाता ने जब इस मामले में जिला शिक्षा अधीक्षक रामजीत कुमार से बात किया तो उनका कहना था कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिंदूरी में स्कूल में बच्चे गंदा पानी पी रहे है। इसकी जानकारी कुछ दिन पहले भी मुझे मिली थी। इसके बाद में पीएचडी विभाग के अधिकारियों से बात कर उस स्कूल में एक चापाकल लगवाने का काम किया गया था। लेकिन अभी वर्तमान में आपके माध्यम से जानकारी मिली है कि सिंदरी स्कूल के बच्चे एक बार फिर नदी का पानी पीने को मजबूर हो गए हैं जिसको लेकर मैं गंभीर हूं। जिले के उपायुक्त के साथ बैठक कर इस मामले पर विचार करूंगा और वहां जल्द से जल्द एक चापानल लगवाने की कोशिश करूंगा।

### क्या कहते हैं सांसद

वहीं इस मामले पर चतरा लोकसभा से भाजपा सांसद कालीचरण सिंह ने राज्य के पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि पांच सालों तक मंत्री रहने के बाद भी अगर इस तरह का मामला सामने आता है तो बेहद चिंताजनक है। आगे उन्होंने कहा देश के आजादी के इतने वर्षों बाद भी अगर इस तरह की दृश्य सामने आ रही है तो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।आगे उन्होंने बताया कि यह मामला हमारे संज्ञान में अब तक नहीं आया था। हालांकि अभी मीडिया कर्मियों के माध्यम से हमें जानकारी मिली जिसको लेकर हम वहां एक चापानल लगवाने का प्रयास करेंगे।

# नियुक्ति से पहले हुए नीतिगत बदलावों को चुनौती नहीं दी जा सकती : हाईकोर्ट

संवाददाता

**रांची :** झारखंड हाईकोर्ट ने अपने एक फैसले में स्पष्ट किया है कि कोई भी उम्मीदवार नियुक्ति से पहले किए गए नीतिगत बदलावों को चुनौती नहीं दे सकता।

दरअसल झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने कंपाउंडर और फार्मासिस्ट के पद पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया था। विज्ञापन में कंपाउंडर और फार्मासिस्ट का वेतनमान 5200-20200 रुपये और ग्रेड पे 2800 रुपये दिखाया गया था।

कंपाउंडर और फार्मासिस्ट के पदों के लिए आवश्यक योग्यता को समान रखा गया था। लेकिन झारखंड पारा मेडिकल स्टाफ कैडर (नियुक्ति, पदोन्नति और अन्य सेवा शर्तें), 2016 के नियम 16 (2) में संशोधन करते हुए कंपाउंडर के वेतनमान को 2800 रुपये से घटाकर 1900 रुपये कर दिया गया। जिसके बाद संतोष कुमार एवं अन्य 11 लोगों ने वेतनमान घटाने के आदेश को गलत बताते हुए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की।




याचिकाकताओं ने तर्क दिया कि कंपाउंडर और फार्मासिस्ट का वेतनमान एक ही है और इसके अलावा दोनों पदों के लिए पात्रता भी समान है, इसलिए कंपाउंडर का ग्रेड वेतन कम नहीं किया जा सकता। वहीं राज्य सरकार की ओर से यह तर्क दिया गया कि याचिकाकताओं ने कम वेतनमान पर पदभार ग्रहण किया है, इसलिए वे उच्च वेतनमान का दावा नहीं कर सकते, क्योंकि वेतनमान कम करने का निर्णय याचिकाकताओं के पदभार ग्रहण करने से पहले लिया गया था।

हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई।

## किशोर-किशोरियों के सशक्तिकरण पर समीक्षा बैठक संपन्न

### 75 चेंजमेकर्स ने साझा किए अनुभव

संवाददाता

**रांची :** झारखंड में किशोर और किशोरियों के सशक्तिकरण को लेकर यूनिसेफ और जेएसएलपीएस के सहयोग से दो दिवसीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 19 और 20 मई को रांची में आयोजित हुआ। विशेष रूप से पाकुड़ जिले के अत्यंत पिछड़े जनजातीय समूह समुदाय के बच्चों और किशोरियों को ध्यान में रखकर यह पहल की गई थी।

बैठक में 75 चेंज मेकर युवाओं ने भाग लिया और अपने अनुभव, चुनौतियां और परिवर्तन की प्रेरक कहानियां साझा कीं। कार्यक्रम का उद्देश्य था कि किशोर-किशोरियों को बाल विवाह, लिंग भेदभाव जैसे सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूक किया जाए और उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास हो।



चेंज मेकर युवाओं ने बताया कि किस प्रकार उन्होंने अपने गांव में सामाजिक बदलाव की शुरूआत की। किसी ने स्कूल छोड़ चुके बच्चों को दोबारा शिक्षा से जोड़ा, तो किसी ने बाल विवाह रोकने में सफलता पाई। कुछ प्रतिभागियों ने पोस्टर प्रेजेंटेशन और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने अनुभवों को सजीव रूप में प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि ह्यदीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजनाह्ल समेत अन्य सरकारी योजनाओं के माध्यम से इन युवाओं को विभिन्न कौशल प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और अपने समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकें।

जेएसएलपीएस के वरिष्ठ अधिकारियों और यूनिसेफ के प्रतिनिधियों ने इन युवाओं के कार्यों की सराहना की।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**अनगड़ा :** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा कार्यकताओं ने मंगलवार को गोंदलीपोखर में अनगड़ा मंडल अध्यक्ष सुनील महतो के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा पेट्रोल पंप से सामुदायिक स्वास्थ केंद्र गोंदलीपोखर तक गई। तिरंगा यात्रा में कार्यकताओं ने जोश से भरे नारा लगाते हुए भ्रमण किया। भारत माता के जयकारे से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया। मौके पर ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए भारतीय सेना के वीर जवानों को नमन किया गया। तिरंगा यात्रा में पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, मंडल प्रभारी रणधीर चौधरी, जिला उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, मंडल अध्यक्ष सुनील महतो, रामनाथ महतो, अजय महतो, संजय नायक, घनेनाथ महतो, राजेंद्र महतो, सुप्रेश महतो, धनीराम महतो, संतोष महतो, अजय सिंह भोगता, जगेश्वर महतो, दुर्गा महतो, हिमालय चौधरी, शिकारी महतो और हरिहर महतो आदि शामिल थे।

## एचईसी पर केंद्र सरकार जल्द फैसला करे : लालदेव

**रांची :** हटिया कामगार यूनियन एटक के उपाध्यक्ष लालदेव सिंह ने कहा है कि भारी अभियंत्रण निगम एचइसी के संबंध में सरकार फैसला जल्द ले। केन्द्र सरकार पिछले छह साल से भेल प्रबंधन के तेज तर्रार अधिकारियों को एचइसी को वेहतर स्थिति मे लाने के लिये प्रोमोशन एवं सभी सुविधा देकर भेजा है, लेकिन निगम को बेहतर करने वजाय इसे गर्त मे ले जा रहे हैं। वे मंगलवार को संगठन से संबद्ध सदस्यों की सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस वजह से कर्मचारियों को समय पर पारिश्रमिक व वेतन नहीं मिल रहा है। वहीं लगातार सुविधा में कटौती की जा रही है, जिस कारण श्रमिकों की स्थिति निरंतर खराब होती जा रही है। इस तरह की स्थिति में निगम की दशा सुधारने को लेकर भेल प्रबंधन के अधिकारियों को रखने का कोई औचित्य नहीं है। अगर सरकार फैसला नही लेती है तो यहां के अधिकारी तथा मजदूर साथ मिलकर भेल प्रबंधन पर दवाव बनायेंगे ताकि कर्मचारियों की दुदर्शा की जानकारी केंद्र सरकार को हो सके। सभा में अध्यक्ष भवन सिंह, हरेंद्र प्रसाद व अन्य ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में मजदूर हित में कई प्रस्ताव पारित किए गए।

## जलवायु परिवर्तन के असर को चित्रकला के माध्यम से कलाकारों ने दर्शाया

**रांची :** डॉ रामदयाल मुंडा ट्राइबल वेलफेयर रिसर्च इंस्टीट्यूट (टीआरआई), में मंगलवार को जेंडर और क्लाइमेट चेंज पर चित्रकला कार्यशाला का उद्घाटन हुआ। कार्यशाला असर और देशज अभिक्रम की ओर से आयोजित है। इसमें झारखंड की 19 युवा महिला कलाकार शामिल हो रही हैं, जिनमें अधिकांश आदिवासी समुदाय से आती हैं। प्रतिभागी जलवायु परिवर्तन किस प्रकार से महिलाओं और लड़कियों को प्रभावित करता है, इस मुद्दे को अपनी कला के माध्यम से दशाएंगी। कार्यशाला का उद्घाटन राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी ने किया। उन्होंने जलवायु और पर्यावरण से जुड़े संवादों में विशेष रूप से आदिवासी समुदाय की महिलाओं की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया।

कहा कि पिछले एक दशक में झारखंड ने जलवायु परिवर्तन के तीव्र प्रभावों का सामना किया है। देशज अभिक्रम के संस्थापक शेखर ने कहा कि हम एक ऐसा मंच बनाना चाहते थे जहां राज्य की महिला कलाकार अपने अनुभवों को चित्रकला, स्केचिंग और अन्य कला विधाओं के माध्यम से व्यक्त कर सकें। असर की जेंडर और क्लाइमेट कार्यक्रम निदेशक नेहा सैगल ने कहा कि कला एक सशक्त अभिव्यक्ति माध्यम है और यह कार्यशाला जलवायु परिवर्तन को लोगों के जीवन के अनुभवों से जोड़ने में मदद करेगी।

## रांची में यूपीएससी परीक्षा की तैयारी पूरी 25 मई को 48 केंद्रों पर होगी परीक्षा



संवाददाता

**रांची:** संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा 2025 की तैयारियों को लेकर मंगलवार को बैठक आयोजित की गई। राजधानी के मोरहाबादी में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार में ब्रीफिंग बैठक की अध्यक्षता दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र ने की।

रांची जिला में कुल 48 परीक्षा केंद्रों पर 25 मई को यह परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। आयुक्त ने सभी पदाधिकारियों को समय पर प्रश्नपत्र, उत्तरपुस्तिकाएं और अन्य दस्तावेजों को सुरक्षित रूप से संबंधित केंद्रों तक पहुंचाने व वापस जीपीओ में जमा कराने का निर्देश दिया।

इस बैठक में निर्देश दिया गया कि सभी केंद्रों पर विधि-व्यवस्था के लिए स्टैटिक दंडाधिकारी के साथ चार पुलिस बल, एक महिला समेत विशेष पुलिस टीम तैनात रहेगी। मेटल डिटेक्टर से फ्रिस्किंग की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

इसको लेकर रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि परीक्षा के दौरानके दिशा-निदेर्शों का सख्ती से पालन हो। इसके साथ ही सभी जरूरी सुविधाएं जैसे बिजली, पानी, शौचालय, डफ्र व नींबू पानी हर केंद्र पर उपलब्ध हो। सभी परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण की जिम्मेदारी स्थानीय निरीक्षण पदाधिकारियों को दी गई है। परीक्षा के बाद उपस्थिति विवरणी, जैमर रिपोर्ट और निरीक्षण प्रतिवेदन नियंत्रण कक्ष में जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। यूपीएससी परीक्षा के लिए के। श्रीनिवासन, मनोज कुमार और उमा शंकर सिंह को पर्यवेक्षक के रूप में नामित किया गया है। इस बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, जिला दंडाधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## जल जीवन मिशन के लिए राशि जारी करे केंद्र : योगेंद्र प्रसाद

**रांची :** केंद्र प्रायोजित जल जीवन मिशन के सफल संचालन को लेकर पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से मुलाकात की। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से जल जीवन मिशन के सुचारू रूप से क्रियान्वयन को वित्तीय वर्ष 2025-26 में केंद्रांश को राशि शीघ्र जारी करने का आग्रह किया। इस बाबत योगेंद्र प्रसाद ने केंद्रीय मंत्री को पत्र भी सौंपा। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्रालय द्वारा एसएनए स्पर्श के लिए दिए निदेर्शों का राज्य सरकार द्वारा अनुपालन किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में केंद्र सरकार द्वारा इस मद में 2114.16 करोड़ कर्णांकित किया गया था, जिसके विरुद्ध केवल 70 करोड़ रुपए मिले।

राज्य में राशि के अभाव में जल जीवन मिशन के कार्य की प्रगति लगभग थम गई है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से संज्ञान में लेते हुए



अपने स्तर से कार्रवाई कर वित्तीय वर्ष 2025-26 में केन्द्रांश की राशि जल्द जारी करने की मांग की, ताकि राज्य के पिछड़े और गरीब ग्रामीण परिवारों को नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल का लाभ अविलंब उपलब्ध हो सके।

वर्तमान में कुल 11804.13 करोड़ रुपए है देय पत्र में योगेंद्र प्रसाद ने बताया है कि राज्य के ग्रामीण घरों में क्रियाशील नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराये जाने के लिए 15 अगस्त 2019 को केंद्र प्रायोजित योजना अंतर्गत जल जीवन मिशन योजना की शुरूआत हुई थी। इसकी कुल लागत 24,665.30 करोड़ रुपए है। इसमें केन्द्रांश की राशि 12,257.83 करोड़ एवं राज्यांश की राशि 12,407.47 करोड़ रुपये है। वित्तीय वर्ष 2024-25 तक राज्य को केन्द्रांश में 5987.46 करोड़ एवं राज्यांश में 6873.71 करोड़ राशि जारी की गई है। वर्तमान में मिशन अंतर्गत कुल लागत में से शेष केन्द्रांश का 6270.37 करोड़ एवं राज्यांश से 5533.76 करोड़ यानी कुल 11804.13 करोड़ देय है।

55 प्रतिशत घरों में पहुंच रहा नल से जल वर्तमान में राज्य के कुल 62,55,189 ग्रामीण घरों में कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन (एफएचटीसी) के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाना है। अब तक कुल 34,31,115 घरों में कार्यरत नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है, जो कुल ग्रामीण घरों का 54.85% है। योगेंद्र प्रसाद ने बताया है कि केंद्रीय जल शक्ति मंत्री ने राशि को अविलंब जारी करने का आश्वासन दिया है।

## ग्रामीण विकास पाठ्यक्रम इस सत्र से आईएमएस से संचालित होगा

**रांची :** रांची विश्वविद्यालय के मानव विज्ञान विभाग में स्ववित्तपोषित योजना के तहत चल रहे स्नातकोत्तर ग्रामीण विकास पाठ्यक्रम को शैक्षणिक सत्र 2025-26 से विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईएमएस) के अंतर्गत संचालित किया जाएगा। विश्वविद्यालय की सीवीएस कोर कमेटी की बीते दिनों कुलपति अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस पर चर्चा की गई थी। जिसमें इस पाठ्यक्रम के समुचित और सुचारू संचालन के लिए इस पाठ्यक्रम को मानव विज्ञान विभाग से आईएमएम के प्रशासनिक अधिकार क्षेत्र में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया। यह पाठ्यक्रम वित्तपोषित योजना के तहत संचालित किया जाएगा। ग्रामीण विकास पाठ्यक्रम के लिए आईएमएस में समुचित लेखा-जोखा रखा जाएगा। ग्रामीण विकास पाठ्यक्रम के बी-1 अकाउंट का संचालन आईएमएस के निदेशक और समन्वयक की ओर से संयुक्त रूप से किया जाएगा। इस संबंध में रांची विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से अधिसूचना जारी की जा चुकी है।

## ट्रेन से कटकर एक महिला की मौत

**मुरी –** मुरी रामगढ़ रेल खंड के कुचु पुलिया के पास एक महिला का कटी शव रेलखंड पर पुलिस बरामद किया।जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। प्रथम दृष्टया में महिला का सर धड़ से अलग हुआ है।जो किसी ट्रेन से कटी है।मामले की जांच चल रही है।

**कार्यालय : असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,रॉंची**

पत्रांक .1939 रॉंची, दिनांक 20.5.2025

**आवश्यक सूचना**

कार्यालय के ई–निविदा संख्या 1842 दिनांक 14.5.2025 जो पारामेडिकल कर्मी एवं अन्य कर्मियों की व्यवस्था हेतु बाह्य स्त्रोत एजेन्सी के चयन हेतु ई–निविदा प्रकाशित किया गया था जिसे अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है। ई–निविदा संख्या 1842 दिनांक 14.5.2025 का PR352518 ( Health Med Edu and Family Welfare) 25-26 (D) है।

PR 353037 Health Med Edu and Family Welfare(25-26)#D

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रॉंची

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, कोडरमा**

अज्ञात शव :– आवश्यक सूचना



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चन्दवारा थानान्तर्गत अज्ञात वाहन से धक्का लगने के कारण उक्त व्यक्ति का मृत्यु हो गया है। उक्त अज्ञात मृतक का शव जिसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। उक्त मृतक पुरुष का हुलिया इस प्रकार है। उम्र–लगभग 30 वर्ष, लम्बाई करीब 05 फीट 06 ईंच, रंग–सावंला, पहनावा–काला रंग का ट्राउजर पहने हुए है। इस संबंध में चन्दवारा थाना कांड सं0–39 / 25, दिनांक–18.05.2025, धारा–281 / 106 बी0एन0एस0 दर्ज किया गया है। यदि किसी को उक्त अज्ञात पुरुष का शव के बारे में जानकारी मिले तो, इसकी सूचना निम्नलिखित पता / मोबाईल नंबर पर दें।

पुलिस अधीक्षक, कोडरमा :– 9431706350,
पुलिस उपा0 (मु0) कोडरमा :– 7004507974,
थाना प्रभारी, चन्दवारा :– 7903896228.

पुलिस अधीक्षक, कोडरमा

PR 353074 Police(25-26).D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला**
**Email-eedwsd.gumla@gmail.com**

अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० – 10 / 2025–26
जिला योजना अनाबद्ध निधि

1. विभाग का नाम :–पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :–28.05.2025 के अपराहन 1.00 बजे तक (छुट्टी के दिनो को छोड़कर)
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–29.05.2025 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :–29.05.2025 के 4.00 बजे अपराह्न।
6. निविदा परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–(क) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला। (ख) सहायक अभियन्ता, पेयजल एवं स्व0 अवर प्रमण्डल सं0–1 गुमला।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :–(क) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, गुमला।

कार्य की विवरणी

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि लगभग | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of 200 mm x 165 mm x 200.00 m deep HYDT with Solar Submersible Motor Pump Set and Rising & Distribution Main Through HDPE Pipe at **Panchayat Anjan, Village Anjan Govt. Middle School Semardih, Gumla** under Drinking Water & Sanitation Division, Gumla for the year 2025-26. | 6,03,796.00 | 12,100.00 | 1,250.00 | 90 Days |
| 2 | Construction of Rural Water Supply Scheme With 2.0 HP DC Solar Motor Pump set with 200mm x 165mm x 220m deep HYDT Source For Gumla Block which is not included in MVS and has no Electricity or less Electricity to supply water 200 LPH at Least 15/30 yrs for 24x7 supply at **Panchayat BRINDA Villlage BRINDA Tola BAHWAR TOLI,** under Drinking Water & Sanitation Division, Gumla for the year 2025-26. | 13,64,658.00 | 27,300.00 | 2,500.00 | 90 Days |
| 3 | Construction of 200 mm x 165 mm dia x 200.00 mtr Deep HYDT with Extra deep DT at **Panchayat Kharkha Village Devidih Near Mahendra Oraon, Gumla** under Drinking Water & Sanitation Division, Gumla for the year 2025-26. | 2,98,883.00 | 6,000.00 | 750.00 | 15 Days |

निविदा की नियम एवं शर्तें :– कार्यालय सूचना पट पर उपलब्ध है।

कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,गुमला

PR 353054 (Drinking Water and Sanitation)25-26*D

## बंजर भूमि पर लहलहा रहा है 'मैरीगोल्ड',मालामाल हुए किसान दूसरों को भी दे रहे टिप्स

**हजारीबाग:** उन्नत खेती के लिए 'हजारीबाग' पूरे झारखंड में जाना जाता है। यहां सब्जियों के साथ-साथ मौसमी खेती भी होती है। बदलते परिवेश के साथ धीरे-धीरे खेती का स्वरूप भी बदलता जा रहा है। अब आदिवासी किसानों ने गेंदा फूल की खेती शुरू की हैं। खेतों में फूल की खेती करने से दूर तलक इलाकों में इसकी खुशबू को महसूस किया जा सकता है।

**सब्जी उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है हजारीबाग :** आलम यह है कि दूसरे किसान भी उनसे टिप्स लेने पहुंच रहे हैं कि आखिर उन्होंने बंजर भूमि में कैसे गेंदा फूल की खेती की है। हजारीबाग के किसानों के अलावा दूसरे शहरों में इसकी ख्याति पहुंच रही है। हजारीबाग एक ऐसा शहर है जो सब्जी उत्पादन के लिए पूरे झारखंड में प्रसिद्ध है। अब वह दिन दूर नहीं है जब हजारीबाग फूल के लिए भी जाना जाएगा।



**4 महीने में तैयार हुई फूलों की फसल :** हजारीबाग जिले के बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के चामूदोहर गांव में किसानों ने अनोखा प्रयास किया है। आदिवासी किसानों ने पहली बार आपस में मिलकर, 2 एकड़ जमीन में गेंदा फूल की खेती की शुरूआत की है। उनकी मेहनत से अब पूरा खेत गेंदे फूल से लह लहा रहा है। फरवरी में किसानों ने मिलकर खेती शुरू की और 4 महीने में फसल तैयार हो चुकी है।

**किसान को अच्छी आमदनी होने की उम्मीद :** किसान मारिया दास बास्के ने बताया कि करीब 10 अलग-अलग क्षेत्रों में दो एकड़ के प्लाट में फूलों की खेती की है। किसान 40 रुपये प्रति किलो के दर से इसका व्यापार भी कर रहे हैं। जिसे किसान आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे हैं। जिले के बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के चामूदोहर गांव में आदिवासी बहुल है। यहां पूर्व से पारंपरिक खेती होती आ रही थी।

**किसानों ने कृषक गुरुकुल से लिया प्रशिक्षण :** गेंदे की खेती ने किसानों को एक नई दिशा दी है। किसान अब पारंपरिक खेती के साथ-साथ अन्य चीजों की खेती कर अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। दूसरे गांव के किसान प्रेरित होकर ट्रेनिंग लेने के लिए भी पहुंच रहे हैं। किसान को मानव विकास संस्था की ओर से संचालित कृषक गुरुकुल में प्रशिक्षण दिया गया है। जिससे किसानों की आय में भी इजाफा हो रहा है। किसानों ने कहा कि पारंपरिक खेती के साथ इस तरह की खेती में मुनाफा ज्यादा है। बदलते दौर में खेती करने के तरीका को भी बदल लिया है। यही कारण है कि जिस गांव में पहले परंपरागत खेती होती थी, वहां अब फूलों की खेती हो रही है।

## सुविचार

**मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता।**

## आदमपुर का संदेश

सोमवार को राष्ट्र को संबोधित करने के बाद मंगलवार की सुबह अचानक पंजाब स्थित आदमपुर एयरबेस की यात्रा करके प्रधानमंत्री ने सबको चौंकाया। प्रतीकों के जरिये संदेश देने की कला में माहिर प्रधानमंत्री की इस यात्रा को लेकर कयास लगाए जा रहे थे। निस्संदेह, इस यात्रा के गहरे निहितार्थ थे। पहले तो "ऑपरेशन सिंदूर" के दौरान पाकिस्तानी हमले के सामने अभेद्य दीवार बनकर खड़े रहे इस एयरबेस के वायु सैनिकों का मनोबल बढ़ाना था, तो दूसरी ओर अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी के सामने पाक को बेनकाब करना था। दरअसल, पाक ने दावा किया था कि उसने आदमपुर एयरबेस पर हमले करके "सुदर्शन चक्र" यानी एस-400 को तबाह कर दिया है। प्रधानमंत्री ने इस एयरबेस में वायु सेना के कर्मियों से बातचीत की और शानदार काम के लिये उनकी पीठ थपथपायी। निश्चय ही प्रधानमंत्री का वायु सैनिकों के बीच जाकर उनका उत्साहवर्धन करना प्रेरक पहल है। निस्संदेह, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना की भूमिका निर्णायक रही। आतंकी ठिकानों और सैन्य हवाई अड्डों पर सटीक हमले इस ऑपरेशन के कामयाब लक्ष्य रहे। सबसे महत्वपूर्ण इस दौरान भारत की बहुस्तरीय वायु रक्षा प्रणाली की प्रभावशीलता रही। जिसने भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों और नागरिक क्षेत्रों पर हमले की पाकिस्तान की तमाम कोशिशों को विफल बना दिया । उल्लेखनीय है कि सोमवार को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तानी ड्रोनों और मिसाइलों को तिनके की तरह मार गिराने के लिये देश के वायु रक्षा कवच की मुक्तकंठ से प्रशंसा की थी। ठीक अगले ही दिन, उन्होंने आदमपुर एयरबेस की यात्रा की और वायु सैनिकों का मनोबल बढ़ाया। निश्चित रूप से यह हमारे वायु योद्धाओं और सशस्त्र बलों की बहादुरी को देश का हृदय से सलाम ही था। साथ ही प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान के दुष्प्रचार की जड़ पर प्रहार किया। दरअसल पड़ोसी पाक दावा करता रहा है कि उसकी मिसाइलों ने आदमपुर में भारतीय वायु रक्षा प्रणाली एस-400 को ध्वस्त कर दिया है। उल्लेखनीय है कि जब प्रधानमंत्री वायु सैनिकों को संबोधित कर रहे थे तो पृष्ठभूमि में स्पष्ट रूप से सही-सलामत "सुदर्शन चक्र" दिखायी दे रहा था। अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी को सच बताने के लिये ये काफी था। एयरबेस में वायु सेना कर्मियों व अधिकारियों में खासा उत्साह दिखायी दिया। जो पाक को स्पष्ट संदेश दे गया कि वायु सेना के पास जश्न मनाने की वजह मौजूद है। निश्चित रूप से पाकिस्तान के मुकाबले भारत की वायु शक्ति की श्रेष्ठता पर कभी संदेह नहीं रहा। लेकिन यह "ऑपरेशन सिंदूर" ही था, जिसने नये युग के युद्ध में भारतीय वायुसेना की दक्षता सिद्ध की। देश की वायु सेना युद्ध शक्ति, आक्रमण, रक्षा क्षमता,आधुनिकीकरण और रसद आपूर्ति के मामले में दुनिया में सर्वश्रेष्ठ वायुसेनाओं में से एक है। वैश्विक स्तर पर,यह चीन,इस्राइल और फ्रांस की वायु सेनाओं से भी बेहतर है। यही वजह है कि भारतीय वायुसेना को उपमहाद्वीप में स्पष्ट व निर्णायक बढ़त प्राप्त है। जिसके चलते पाकिस्तान को किसी दुस्साहस करने से रोका जा सका है। "ऑपरेशन सिंदूर" की सफलता इस बात की गवाह है कि अचूक मिग-29 फाइटर जेट्स और "सुदर्शन चक्र" एस-400 की ताकत ने पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। साथ ही नागरिक क्षेत्रों पर सैकड़ों ड्रोन हमलों को विफल बना दिया। उल्लेखनीय है कि आदमपुर एयरबेस मिग-29 फाइटर जेट्स का गढ़ माना जाता है। केवल "ऑपरेशन सिंदूर" ही नहीं, वर्ष 1971 के इस एयर बेस ने पाक के खिलाफ निर्णायक भूमिका निभायी थी। इस बार उन्नत मिग-29 ने लाहौर और कराची में पाक के एयर डिफेंस सिस्टम को ध्वस्त करके पाक सेना का मनोबल तोड़ दिया। दरअसल, वेस्टर्न कमांड के तहत भारत की वायुसेना के इंटिग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम ने भारत की वायु प्रतिरक्षा प्रणाली को अभेद्य बना दिया। जो पश्चिमी हवाई सीमा के लिये कवच साबित हुई। बहरहाल, आदमपुर में प्रधानमंत्री के दौरे ने पाक को साफ चेतावनी दे दी है कि भारत का आसमान कुशल वायुसेना के योद्धाओं के चलते अभेद्य है। हम हर चुनौती के मुकाबले के लिये तैयार हैं। साथ ही यह भी बताया कि हम न केवल अपनी रक्षा करने में सक्षम हैं बल्कि दुश्मन को उसके घर में भी शिकस्त दे सकते हैं।

## चीन के मंसूबे

ऐसे वक्त में जब पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिये पाक को सबक सिखाया है, चीन प्रत्यक्ष व परोक्ष तौर पर पाकिस्तान का समर्थन करता नजर आ रहा है। चीन-पाक की दुरभिसंधि दशकों पुरानी है लेकिन उसकी हालिया करतूतों की टाइमिंग को लेकर सवाल उठ रहे हैं। वह न केवल पाकिस्तान की सैन्य व आर्थिक मदद ही कर रहा है बल्कि चीनी सरकारी मीडिया भी कुप्रचार व भ्रामक समाचार फैलाने में पाक के साथ खड़ा नजर आ रहा है। अब उसने अपनी नई करतूत अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदलकर उजागर की है। हालांकि, ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। लगातार तीसरे साल चीन ने भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदला है। चीन अरुणाचल को जांगनान के नाम से दर्शाता है। वहीं इसे तिब्बत के दक्षिणी हिस्से के रूप में होने का दावा करता है। जैसा कि उम्मीद भी थी, भारत सरकार ने चीन के इन बेतुके दावों को सिरे से खारिज कर दिया है। नई दिल्ली ने बीजिंग के इस बेतुके-निराधार दावे को सिरे से नकार दिया है। भारत सरकार ने फिर से दोहराया है कि "अरुणाचल भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था और हमेशा रहेगा।" दरअसल, चिंता की बात यह है कि चीन ने यह करतूत ऐसे समय में की है जब पहलगाम हमले और उसके जवाब में सफल "ऑपरेशन सिंदूर" के चलते भारत-पाक के बीच तनाव कायम है। निश्चय ही इन स्थितियों में चीन का यह भड़काऊ कदम है। यहां उल्लेखनीय है कि भारतीय उपमहाद्वीप में हाल ही में हुई उथल-पुथल के दौरान पाकिस्तान को उसके सदाबहार दोस्त बीजिंग का भरपूर समर्थन मिला है। जिससे पता चलता है कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत से दोस्ती का हाथ बढ़ाने तथा व्यापार-कारोबार बढ़ाने की बात करने वाला चीन भारत के प्रति कैसी दुर्भावना रखता है। भले ही वह वैश्विक संगठनों व मंचों पर भारत के साथ खड़ा होने का दावा करता हो। निस्संदेह, ऐसी घटनाएं हमें सतर्क करती हैं कि चीन के साथ मैत्री संबंधों के निर्धारण के दौरान हमें सजग व सचेत रहना चाहिए। अन्यथा चीन पीठ पर वार करने से नहीं चूकने वाला है। बीते वर्ष विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने व्यंग्यात्मक लहजे में एक सवाल पूछा था, "अगर आज मैं आपके घर का नाम बदल दूं तो क्या वो मेरा हो जाएगा? लेकिन निर्विवाद रूप से चीन ने विदेश मंत्री के इस संदेश को नजरअंदाज ही किया है। इतना ही नहीं वह फिर से भौगोलिक क्षेत्रों के नामों के मनमाने मानकीकरण के साथ आगे बढ़ गया है। लेकिन सवाल इस करतूत के समय का है। जाहिर बात है कि बीजिंग ने ऐसा न केवल चुनौतीपूर्ण समय में भारत का ध्यान भटकाने के लिये किया है, बल्कि पाकिस्तान के साथ एकजुटता दिखाने के लिये भी किया है। उस पाकिस्तान को, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कड़ी चेतावनी दी थी। प्रधानमंत्री ने सिर्फ और सिर्फ पाकिस्तान द्वारा कब्जाए कश्मीर पर ही बातचीत करने की बात कही थी। ऐसे में चीन ने अरुणाचल पर अपने क्षेत्रीय दावे से फिर से पाकिस्तान का मनोबल बढ़ाने का कुत्सित प्रयास किया। यह जानते हुए भी उसके दावे निराधार हैं। वहीं दूसरी ओर मोदी सरकार ने चीन के सरकारी मीडिया, खासकर ग्लोबल टाइम्स द्वारा कथित तौर पर फैलाए जा रहे पाकिस्तानी दुष्प्रचार के मामले को गंभीरता ले लिया है। गत सात मई को, चीन स्थित भारतीय दूतावास ने ग्लोबल टाइम्स को इस बात के लिये फटकार लगायी थी कि उसने तथ्यों और स्रोतों को पुष्टि किए बिना पाकिस्तान की सेना द्वारा भारतीय लड़ाकू विमान को मार गिराए जाने की रिपोर्ट दी थी। दिल्ली ने बुधवार को भारत में चीनी मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स के एक्स-अकाउंट हैंडल को कुछ घंटों के लिये ब्लॉक कर दिया था। निस्संदेह, चीनी शरारतें उनके नेताओं के भारत के प्रति हाल के प्रयासों के विपरीत हैं। ऐसे में चीनी विदेश मंत्री वांग यी द्वारा परिकल्पित ड्रैगन और हाथी के बीच दोस्ती का प्रपंच तब तक एक दूर का सपना ही रहेगा, जब तक कि चीन पाकिस्तान को बचाने के प्रयासों में लगा रहेगा।

# ग्रीन एनर्जी का अमरावती मॉडल देगा दुनिया को नई दिशा

> राजधानी अमरावती को पूरी तरह से ग्रीन एनर्जी से संचालित शहर बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री चन्द्रबाबू नायडू ने काम भी शुरू कर दिया है। अमरावती को पूरी तरह से ग्रीन एनर्जी से संचालित शहर बनाने में करीब करीब 65 हजार करोड़ रुपये की लागत आएगी और सोलर, पवन और जल विद्युत पर आधारित इस परियोजना में अमरावती में उपयोग आने वाली सारी बिजली रिन्यूवल एनर्जी स्रोत से ही प्राप्त होगी। सर्वाधिक कार्बन उत्सर्जन करने वाली जीवाश्म ऊर्जा का अमरावती में नामोनिशान नहीं होगा। अपने आप में यह दुनिया के लिए ग्रीन एनर्जी के सपने को अमली जामा पहनाने की बड़ी, महत्वाकांक्षी और दुनिया के देशों के लिए प्रेरणीय पहल मानी जानी चाहिए।

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए जहां दुनिया के देशों में टुकड़ों-टुकड़ों में काम हो रहा है, वहीं आंध्र प्रदेश की नई राजधानी अमरावती को पूरी तरह से ग्रीन एनर्जी से संचालित शहर बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री चन्द्रबाबू नायडू ने काम भी शुरू कर दिया है। अमरावती को पूरी तरह से ग्रीन एनर्जी से संचालित शहर बनाने में करीब करीब 65 हजार करोड़ रुपये की लागत आएगी और सोलर, पवन और जल विद्युत पर आधारित इस परियोजना में अमरावती में उपयोग आने वाली सारी बिजली रिन्यूवल एनर्जी स्रोत से ही प्राप्त होगी। सर्वाधिक कार्बन उत्सर्जन करने वाली जीवाश्म ऊर्जा का अमरावती में नामोनिशान नहीं होगा। अपने आप में यह दुनिया के लिए ग्रीन एनर्जी के सपने को अमली जामा पहनाने की बड़ी, महत्वाकांक्षी और दुनिया के देशों के लिए प्रेरणीय पहल मानी जानी चाहिए। कोई इसे इतिहास रचने की बात करता है तो कोई ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में बड़ी और रचनात्मक पहल के रूप में देख रहा है। कहा जाए तो दुनिया के देश जिस तरह से ग्रीन एनर्जी के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं और जिस तरह से बड़े बड़े शिखर सम्मेलनों के साझा घोषणा पत्रों में घोषणाएं हो रही हैं उससे अलग हटकर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री नायडू की इस पहल को माना जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं इस परियोजना पर नजर रख रहे हैं। कृष्णा नदी के तट पर आंध्र प्रदेश की नई राजधानी में ग्रीन एनर्जी का यह प्रोजेक्ट 217 वर्गमीटर को समेटे है। अमरावती को पूरी तरह ग्रीन एनर्जी युक्त दुनिया का पहला शहर बनाने के लिए 2050 तक की मांग का आकलन कर लिया गया है करीब 2700 मेगावाट विद्युत की आवश्यकता होगी। इसमें से 30 प्रतिशत सोलर और पवन आधारित उर्जा होगी तो 70 प्रतिशत बिजली का उत्पादन पनबिजली आधारित होगी। ग्रीन एनर्जी के चार प्रमुख स्रोत हैं। इसमें सूर्य की गर्मी आधारित सोलर ऊर्जा, हवा के झोकों पर आधारित पवन ऊर्जा, जल आधारित पन बिजली परियोजना और भूगर्भ के ताप आधारित भूतापीय ऊर्जा को रिन्यूवल एनर्जी के नाम से जाना जाता है। इसमें प्रमुखता से सोलर, पवन और पन बिजली को लिया जाता है। दरअसल जीवाश्म आधारित उर्जा जिसमें प्रमुखतः कोयला व लिग्नाइट का प्रयोग होता है। उसके चलते जलवायु में तेजी से परिवर्तन हुआ है और आज दुनिया के देश तापमान वृद्धि को 1.5 प्रतिशत तक रखने के लिए जूझ रहे हैं। दो प्रतिशत वृद्धि दर को डेढ़ प्रतिशत लाना टेढ़ी खीर बना हुआ है। पेरिस घोषणा के अनुसार दुनिया के देशों को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। जलवायु परिवर्तन परिणाम आए दिन दिखते हैं,जिसमें तापमान में बढ़ोतरी, ग्लेशियरों का सिकुड़ना, अनपेक्षित मौसम चक्र, कभी तेज गर्मी तो कभी तेज सर्दी और कभी तेज बरसात । आंधी-तूफान, दावानल और चक्रवातों के नए नए रूप और बार-बार आवृति हमारे सामने हैं। समुद्र का जल स्तर बढ़ने से समुद्र किनारे के शहरों के सामने अस्तित्व का संकट आ गया है तो जंगलों के दावानलों का असर आसपास के शहरों खासतौर से अमेरिकी शहरों में देखा जा चुका है। सूखा और बाढ़ की समस्या बढ़ी है। दवाओं के बेअसर होने और संक्रामक रोगों की बढ़ोतरी सामने हैं। हालांकि इसमें सरकारों की इच्छा शक्ति, संसाधन, आर्थिक सामाजिक हालात के साथ ही विकसित देशों द्वारा खुले दिल से सहयोग नहीं करना बड़ा कारण बनता जा रहा है। ऐसा नहीं है कि जलवायु परिवर्तन के संकट से दुनिया के देश सचेत नहीं हैं। बल्कि इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों को लेकर रैंकिंग भी होन लगी है। जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन रेकिंग में भारत 10वें स्थान पर है। रैंकिंग में डेनमार्क शीर्ष पर है। भारत में रिन्यूवल एनर्जी की दिशा में ठोस प्रयास हो रहे हैं। गुजरात के कांडला सेज को पूरी तरह से हरित औद्योगिक क्षेत्र बनाया गया है तो तमिलनाडु के महाबलीपुरम के शोर मंदिर को ग्रीन एनर्जी पुरातात्विक स्थल के रूप में पहचान मिल चुकी है। डेनमार्क का कोपेनहेगेन भी इसी श्रेणी में आता है।

आस्ट्रेलिया का एडिलेड, कोरिया का सियोल, आइवरकोस्ट का कोकोडी, स्वीडन का मालमो और दक्षिणी अफ्रिका का केपटाउन ग्रीन एनर्जी की दिशा में बढ़ते हुए शहरों में से हैं। गुजरात के कांडला सेज में 1000 एकड में साढ़े तीन लाख पौधे रोपित किए गए हैं। समुद्र के नमक के पानी से प्रभावित क्षेत्र को जलवायु की दृष्टि से करीब करीब बदल ही दिया गया है। अमरावती को पूरी तरह से ग्रीन सिटी बनाने की दिशा में जो कार्य आरंभ हो रहा है वह समूची दुनिया के लिए एक मिसाल है। वहां पर सरकारी भवनों के साथ ही अन्य स्थानों पर सोलर पेनल और पवन उर्जा के स्रोत लगाए जाएंगे।

भारत में केन्द्र व राज्य सरकारें अक्षय ऊर्जा के इस क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रही हैं। राजस्थान रिन्यूवल एनर्जी उत्पादन के क्षेत्र में समूचे देश में आगे है और भड़ला पार्क जैसे सोलर पार्क यहां विकसित हो चुके हैं। सरकार अब घरों की छतों पर सोलर एनर्जी के उत्पादन को बढ़ावा दे रही है तो खेती में सोलर पंपों और अन्य कार्यों में उपयोग सकारात्मक प्रयास माने जा सकते हैं। पर अमरावती इन सबसे अलग इसलिए हो जाती है कि यहां समग्रता से प्रयास करते हुए समूचे शहर को ग्रीन एनर्जी युक्त बनाया जा रहा है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# आतंकी फन को कुचलने का सही वक्त

> इन विभीषिकाओं के खिलाफ देश ने जो संघर्ष किया, उसी के सम्मान में हर साल 21 मई को राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया जाता है। यह दिन आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष में शहीद हुए जवानों और नागरिकों को श्रद्धांजलि देने का अवसर है। इस दिन देशभर में लोगों को यह शपथ दिलाई जाती है कि वे हर प्रकार की हिंसा और आतंकवाद का विरोध करेंगे, शांति, अहिंसा और सहिष्णुता के सिद्धांतों में विश्वास रखेंगे और देश की एकता, अखंडता व सामाजिक सद्भाव की रक्षा करेंगे। यह भी याद रखना चाहिए कि 21 मई 1991 को देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में एक महिला आत्मघाती हमलावर ने हत्या कर दी थी। इस घटना ने भारतीय लोकतंत्र की जड़ों को हिला कर रख दिया था। उसी दिन की स्मृति में राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस की शुरूआत हुई।

**योगेश कुमार गोयल**

पिछले महीने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान पोषित दुर्दांत और कुख्यात आतंकवादियों ने निर्दोष पर्यटकों का लहू बहाकर फिर भारत के धर्य के बांध को तोड़ दिया। प्रतिक्रिया तो होनी थी। शांति समर्थक राष्ट्र को ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से संदेश देना पड़ा कि जो बेवजह टकराएगा उसे मिट्टी में मिला दिया जाएगा। मगर आतंकवाद के सारे फनों को कुचलने की जरूरत है। जम्मू-कश्मीर दशकों से आतंक के साये में है। कुछ दशकों में आतंकियों ने देश के अन्य हिस्सों में भी कभी किसी भरे बाजार तो कभी किसी बस या ट्रेन में निदोर्षों के लहू से होली खेली है। आतंकवाद ने न केवल हजारों लोगों की जान ली बल्कि अनगिनत परिवारों को तबाह किया है। बच्चे अनाथ हुए, माताएं-बेटियां विधवा हुईं और बुजुर्गों की जीवन-संध्या से सहारा छिन गया। इन विभीषिकाओं के खिलाफ देश ने जो संघर्ष किया, उसी के सम्मान में हर साल 21 मई को राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया जाता है। यह दिन आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष में शहीद हुए जवानों और नागरिकों को श्रद्धांजलि देने का अवसर है।

इस दिन देशभर में लोगों को यह शपथ दिलाई जाती है कि वे हर प्रकार की हिंसा और आतंकवाद का विरोध करेंगे, शांति, अहिंसा और सहिष्णुता के सिद्धांतों में विश्वास रखेंगे और देश की एकता, अखंडता व सामाजिक सद्भाव की रक्षा करेंगे। यह भी याद रखना चाहिए कि 21 मई 1991 को देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में एक महिला आत्मघाती हमलावर ने हत्या कर दी थी। इस घटना ने भारतीय लोकतंत्र की जड़ों को हिला कर रख दिया था। उसी दिन की स्मृति में राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस की शुरूआत हुई। हाल के वर्षों में भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध जो नीति अपनाई है, वह पहले से कहीं अधिक कठोर, रणनीतिक और सशक्त हो चुकी है। विशेषकर जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों ने जिस बहादुरी से अभियान चलाए हैं, उन्होंने आतंकी नेटवर्क को बड़ा झटका दिया है। अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद घाटी के हालात धीरे-धीरे पटरी पर आए हैं। सैकड़ों आतंकी मुठभेड़ों में मारे गए हैं और सुरक्षाबलों ने सीमाओं पर घुसपैठ की अनेक कोशिश विफल की हैं।

हालांकि पूरी तरह से आतंक का खात्मा अब भी शेष है। इसकी ताजा मिसाल 22 अप्रैल को अनंतनाग जिले के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में देखी जा सकती है। बैसरन घाटी में हुए इस हमले ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया कि आतंकवाद की जड़ें अभी भी पाकिस्तान में मौजूद हैं और वहां से संचालित आतंकी संगठन भारत की शांति व्यवस्था को चुनौती देने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इस हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की जान चली गई थी। यह हमला ऐसे समय में हुआ, जब घाटी में आतंकी घटनाओं में गिरावट दर्ज की जा रही थी, जो भारत की कूटनीतिक और सुरक्षा नीति की सफलता का संकेत थी। इस नृशंस नरसंहार के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर (सैन्य अभियान) चलाकर पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में स्थित आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की। इसमें लगभग 100 से अधिक आतंकियों को मार गिराया गया और उनके अनेक अड्डों को नष्ट किया गया। पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान पर चौतरफा दबाव बनाया। साथ ही सिंधु जल संधि को स्थगित करने का निर्णायक फैसला लिया । अब यह विचार प्रबल हो गया है कि जब पाकिस्तान बार-बार आतंकियों को शरण देता है और भारत की नागरिक आबादी को निशाना बनाता है तो ऐसे में इस ऐतिहासिक संधि को बनाए रखने का कोई औचित्य नहीं रह जाता।

भारत के सैन्य अभियानों ने न केवल प्रत्यक्ष रूप से आतंकियों को नुकसान पहुंचाया है बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी पाकिस्तान को अलग-थलग करने में सफलता प्राप्त की है। फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने उसे ग्रे लिस्ट में डालकर उसकी अर्थव्यवस्था पर जबरदस्त दबाव बनाया है। संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक संस्थानों के सामने भारत ने बार-बार पाकिस्तान के दोहरे रवैये को उजागर किया है।

घाटी में हो रहे सकारात्मक बदलावों की जड़ में सुरक्षा बलों की बहादुरी के साथ-साथ स्थानीय जनता की बदली मानसिकता भी है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अब घाटी में स्थानीय युवाओं की आतंकी संगठनों में भर्ती में काफी गिरावट आई है। पहले जहां एक साल में दर्जनों युवाओं के लापता होने की खबरें आती थी, अब वह संख्या इक्का-दुक्का रह गई है। भारत की वर्तमान नीति "आतंक के प्रति शून्य सहनशीलता" की है और इस नीति के हर पहलू में क्रियान्वयन दिख भी रहा है। अब आतंकी हमलों का जवाब केवल बयानबाजी तक सीमित नहीं रहता बल्कि पाकिस्तान की सीमा में घुसकर उनके ठिकानों को नेस्तनाबूद किया जाता है। यह बदलाव केवल सैन्य शक्ति के उपयोग का नहीं बल्कि जन-मन के दृढ़ संकल्प का परिचायक है। बेशक आतंकवाद की कमर तोड़ी जा रही है लेकिन अब भी इसकी अंतिम परछाई को मिटाना बाकी है। जब तक देश का कोई भी कोना आतंक से मुक्त नहीं होता, तब तक यह संघर्ष जारी रहना चाहिए। आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई केवल हथियारों से नहीं बल्कि समाज की एकजुटता, सूझबूझ और जागरुकता से ही जीती जा सकती है। हर नागरिक को यह समझना होगा कि आतंकवाद केवल सीमाओं की समस्या नहीं बल्कि मानवता का साझा दुश्मन है। हम राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस के मौके पर न केवल शपथ लें बल्कि उसे व्यवहार में भी उतारें। हर व्यक्ति आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में सैनिक बने, चाहे वह सूचनाएं देकर सुरक्षा एजेंसियों की मदद करने की बात हो या बच्चों को कट्टरपंथ से दूर रखने की दिशा में पहल करने की। तभी हम एक ऐसे भारत की कल्पना कर सकेंगे, जहां शांति, सद्भाव, एकता और विकास के मूल्यों की बुनियाद पर भविष्य की इमारत खड़ी होगी।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# शिव दर्शन में समाहित है लोककल्याण

शिव की महिमा अपरंपार है। क्योंकि एक ही तत्व की तीन परम मूर्तियों यानी ब्रह्मा, विष्णु और शिव में सबसे अन्तिम मूर्ति का नाम ही शिव है। शिव ही शंकर भी हैं। ब्रह्मा का कार्य सृष्टि करना, विष्णु का कार्य पालन करना और शिव का कार्य संहार करना है। परन्तु साम्प्रदायक शैवों के अनुसार, शिव ही परम तत्व हैं और उनके कार्यों में संहार के अतिरिक्त सृष्टि और पालन के कार्य भी सम्मिलित हैं। शिव परम कारुणिक भी हैं और उनमें अनुग्रह अथवा प्रसाद तथा तिरो भाव यानी गोपन और लोपन की क्रिया भी पायी जाती है। इस प्रकार उनके कार्य पांच प्रकार के हैं। शिव की विभिन्न अभिव्यक्तियां इन्हीं कार्यों में से किसी न किसी से सम्बन्धित हैं, प्रभावित हैं, अनुप्राणित हैं। शिव का उद्देश्य ही भक्तों का कल्याण करना है। शिव विभिन्न कलाओं और सिद्धियों के प्रवर्तक भी माने गये हैं। संगीत, नृत्य, योग, व्याकरण, व्याख्यान, भैषज्य आदि के मूल प्रवर्तक शिव ही तो हैं। इनकी कल्पना सब जीवधारियों के स्वामी के रूप में की गयी है। इसी लिये यह पशुपति, भूतपति और भूतनाथ भी कहे गये हैं। शिव सभी देवताओं में श्रेष्ठ कहे गये हैं। इसी लिये महेश्वर और महादेव इनके विरुद पाये जाते हैं। इनमें माया की अनन्त शक्ति है, इसी लिये शिव मायापति भी हैं। उमा के पति होने से शिव का एक पर्याय उमापति भी है। इनके अनेक विरुद और पर्याय हैं। महाभारत 13,17 में इनकी एक लम्बी सहस्त्रनाम सूची है। शिव की कल्पना की उत्पत्ति और विकास का क्रम वैदिक साहित्य से ही मिलना शुरू हो जाता है। ऋग्वेद में रुद्र की कल्पना में ही शिव की अनेक विशेषताओं को बतलाया गया है। फिर तत्सम्बन्धी पौराणिक गाथाओं में उसके मूल का समावेश है। इसी प्रकार 'शुक्ल यजुर्वेद' की वाजसनेयी संहिता (अ.6) में जो शतरुद्रिय पाठ है, उसमें शिव का मूल रूप प्रतिबिम्बित है। उसमें शिव को गिरीश यानी पर्वत पर रहने वाला, कृत्तिवास यानी पशुचर्म धारण करने वाला तथा कपर्दी यानी जटा जूट रखने वाला कहा गया है। वहीं, अथर्ववेद में भी रुद्र की बड़ी महिमा बतायी गयी है और उनके लिये भव, शर्व, रुद्र, पशुपति, उग्र, महादेव, और ईशान जैसे विरुदों का प्रयोग किया गया है। वहीं, सिन्धुघाटी के उत्खनन से जो धार्मिक वस्तुयें मिली हैं, उनमें योगी शिव की भी एक प्रतिकृति पाई गई है, परन्तु अभी तक संज्ञा के रूप में शिव का नाम न मिलकर विशेषण के रूप में ही मिला है। 'उत्तरवैदिक साहित्य' में शिव रुद्र के पर्याय के रूप में मिलते हैं। 'श्वेताश्वतर उपनिषद' में रुद्र के अनेक नामों में शिव भी एक नाम है। 'शांखायन' और 'कौषीतकि' आदि ब्राह्मणों में शिव रुद्र महादेव, ईशान आदि रुद्र के नाम मिलते हैं। वहीं, 'शतपथ' और 'कौषीतकि' ब्राह्मण में रुद्र का एक विरुद अशनि भी पाया जाता है, इन आठ विरुदों में रुद्र, शर्व, उग्र तथा अशनि, शिव के घोर यानी भयंकर रूप का प्रतिधिनित्व करते हैं।

## सेहत

### फर्टिलिटी सुधारने के लिए रोजाना करें ये योगासन

वर्तमान समय में फर्टिलिटी एक बड़ी समस्या है। खास बात यह है कि महिला और पुरुषों दोनों में यह समस्या तेजी से बढ़ रही है। अगर आप इस समस्या से प्रभावित हैं, तो इससे कपल के मां-बाप बनने के सपने में दिक्कतें आ सकती हैं। हालांकि फर्टिलिटी की समस्या को कम करने में योग सुरक्षित और प्रभावी तरीका हो सकता है। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसे योगासन के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका नियमित रूप से अभ्यास करने से गर्भ धारण की संभावना बढ़ सकती है।

**सेतुबंधासन** : इस आसन का अभ्यास करने से फर्टिलिटी में सुधार होता है। वहीं यह प्रजनन अंगों में ब्लड फ्लो को बढ़ाता है और फर्टिलिटी की समस्या दूर होती है। सेतुबंधासन का अभ्यास करने से डिप्रेशन, तनाव और थकान आदि के लक्षणों को भी कम करता है।

**पश्चिमोत्तानासन**: पश्चिमोत्तानासन मांसपेशियों को स्ट्रेच करने के साथ फर्टिलिटी में भी सुधार हो सकता है। साथ ही यह स्ट्रेस को मैनेज करने में काफी प्रभावी होता है। यह योगासन महिला और पुरुष को बांझपन की समस्या से छुटकारा दिलाने वाला है।

**बटरफ्लाई** : बटरफ्लाई आसन भी फर्टिलिटी को बढ़ाने के लिए जाना जाता है। इस आसन का नियमित अभ्यास करने से प्रसव के दौरान होने वाला दर्द भी कम होता है और शरीर में भी लचीलापन आता है।

**बालासन** : फर्टिलिटी की समस्या को हल करने के लिए बालासन का अभ्यास करना चाहिए। नियमित रूप से इस आसन का अभ्यास करने से हमारे शरीर का ब्लड फ्लो बढ़ता है और शरीर को लाभ मिलता है। फर्टिलिटी बढ़ाने के लिए भी इस आसन का अभ्यास करना चाहिए।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज ब्रीफ

## सांसद का सम्मान संताल परगना के लिए गौरव की बात : अमित



**साहिबगंज :** गोड्डा के विकास पुरुष सांसद डॉ निशिकांत दुबे को लोकतंत्र के प्रतिष्ठित सम्मान सांसद रत्न से नवाजे जाने पर साहिबगंज के भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय कार्यसमित सदस्य अमित सिंह ने पूरे झारखंड की युवा शक्ति सहित संताल परगना वासियों की ओर से हार्दिक बधाई दी है।उन्होंने कहा की इस सम्मान की शुरूआत पूर्व राष्ट्रपति डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम के सुझाव पर 2010 में शुरू किया गया।श्री सिंह ने कहा की गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे को यह सम्मान उनके द्वारा रात दिन मेहनत करके पूरे संताल परगना को उनके अगुवाई में विकसित संताल परगना और उनके विकास कार्यो के लिए मिला है।पहले भी डॉ निशिकांत दुबे को सबसे सर्वश्रेष्ठ सांसद के तौर पर भी सम्मानित किया गया है।यह सम्मान पूरे झारखंड और विशेषकर संताल परगना के लिए गौरव की बात है।

## घरेलू विवाद में मारपीट दो घायल

**साहिबगंज:** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के अंजुमन नगर निवासी मो. वकील और पत्नी मुन्नी खातून को उसी के परिवार के स्वजनों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।दोनों घायल इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचे जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार किया।घायल मो. वकील ने बताया कि घर में कुछ विवाद चल रहा था। इसी दौरान मेरा भाई मो. नौशाद एवं भाभी अक्रूनिया बीबी आई और हमलोगों के साथ लाठी डंडा से मारपीट करने लगी जिससे हम दोनों घायल होगा और सर पर गंभीर चोट लगे।

## घरेलू विवाद में फेनाईल पी लिया खतरे से बाहर

**साहिबगंज:** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र केन सोती चौकी खुटहरी निवासी प्रिया कुमारी पति रंजीत कुमार मोहली ने घरेलू विवाद में फेनाईल पी लिया। तबीयत बिगड़ने पर पति ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार किया।पति रंजीत मोहली ने बताया कि मैं काम पर गया था। मेरी पत्नी और मेरी मां के बीच किसी बात को लेकर कहां सुनी हो गई । तभी गुस्से में आकर मेरी पत्नी ने घर साफ करने वाला फाइनल पी लिया। इधर डाक्टर ने बताया कि उपचार कर दिया गया है महिला खतरे से बाहर हैं।

## 24 बोतल विदेशी शराब जब्त

**साहिबगंज:** जीआरपी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर साहिबगंज जमालपुर पैसेंजर 53415 ट्रेन में छापेमारी करते हुए 24 बोतल विदेशी शराब जब्त किया हैं। जीआरपी थाना प्रभारी धनंजय सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि साहिबगंज जमालपुर पैसेंजर ट्रेन से अवैध रूप से देसी शराब की तस्करी की जा रही है। सूचना के आलोक में ट्रेन में जांच अभियान चलाया गया। जांच अभियान के दौरान पिछले बोगी में दो बोर में काटून बंधा हुआ था। यात्रियों से पूछताछ की तो किसी ने अपना सामान होने की हम ही नहीं भरी। जब तलाशी ली तो देखा कि उसमें विदेशी शराब के 14 बोतल हैं सभी शराब को जब तक किया गया। बताएं कि शराब की कीमत लगभग 16920 आकलन लगाई गई है। कागजी कार्रवाई कर उत्पाद विभाग को जब्त किया गया शराब सौंप दिया जाएगा। छापेमारी में सअनि मो. मुस्ताक अहमद ,मंगल हांसदा, कमलेश कुमार ,आरक्षी वीरन कुमार अमित कुमार मौजूद थे।

## कर्मचारी महासंघ ने उपायुक्त को सौंपा 22 सूत्री मांग पत्र

**मेदिनीनगर :** झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ की पलामू ईकाई ने मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को 22 सूत्री मांग पत्र सौंपा है। मांग पत्र में राज्य के सभी रिक्त पदों पर वर्षो से कार्यरत अनुबंध कर्मियों, मानदेय पर कार्यरत कर्मियों, दैनिक मजदूरी पर कार्यरत कर्मियों, सहिया, आंगनबाड़ी सेविका, रसोईयां, आउट सोर्सिंग पर कार्य रहे कर्मियों की सेवा यथाशीघ्र नियमित करने का निर्णय लिया गया। स्वास्थ्य विभाग के एएनएम, जीएनएम, यक्ष्मा एवं अन्य कर्मियों को वरीयता एवं अनुभव के आधार पर स्थायी रूप से नियुक्त करने की मांग की गई है। महासंघ ने उपायुक्त से स्थाई नियुक्ति शीघ्र करने, छठे वेतन पुनरीक्षण समिति के अनुशंसा के आलोक में सभी वर्ग-चार के कर्मियों को वर्ग तीन घोषित करने, राज्य के सभी कर्मियों का सेवानिवृति उम्र सीमा कम से कम 65 वर्ष करने, स्वास्थ्य बीमा के अंतर्गत देश के प्रसिद्ध अस्पताल व प्राईवेट एवं सरकारी अस्पताल को संबद्ध करने, अनुबंध, निगम, बोर्ड, आउटसोर्सिंग, दैनिक मजदूरी, मौसमी, सहिया, चालक आदि पद पर कार्यरत सभी कर्मियों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने आदि की मांग की गई है। जिला सचिव मुकेश कुमार ने शिक्षकों के लिए भी राज्य कर्मियों की भांति प्रोन्नति व्यवस्था लागू करने, सभी संवर्गो का नियुक्ति, प्रोन्नति नियमावली बनाने, पदसोपान के अनुसार प्रोन्नति देने, लघु सिंचाई में कार्यरत एवं सेवानिवृत कर्मियों को ओल्ड पेंशन लागू करने आदि मांग की गई है।

## एमआरएमसीएच में पहली बार हुआ फटे हुए बच्चेदानी का सफल ऑपरेशन

**मेदिनीनगर :** शहर के मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एमआरएमसीएच) में पहली बार एक महिला के फटे हुए बच्चेदानी का सफल ऑपरेशन किया गया। गाइनोकोलॉजिस्ट विभाग ने विभागाध्यक्ष डॉ सरनी सागन दहंगा के नेतृत्व में इस सफल ऑपरेशन को अंजाम दिया। टीम में सहयोगी के रूप में सर्जरी से डॉक्टर डॉ लवली, डॉ कादिर परवेज, डॉ आम्रपाली, एनेस्थीसिया से डॉ सुष्मिता सोरेन एवं डॉ प्रीती शामिल रही। गढ़वा जिले के धुरकी प्रखंड के करवा पहाड़ गांव निवासी एक महिला गर्भवती थी। उसके पेट में ही बच्चे की मौत हो गई थी। गढ़वा के सदर अस्पताल से उसे एमआरएमसीएच में रेफर किया गया थे। केस बहुत गंभीर था। एमआरएमसीएच में मंगलवार की सुबह 7 बजे मरीज को भर्ती किया गया था। गाइनोकोलॉजी के विभागाध्यक्ष ने बताया कि मरीज की स्थिति बहुत खराब थी। यहां आने के पहले ही पेट में बच्चा मर चुका था। बच्चेदानी फटी हुई थी। मृत बच्चे को निकालने के बाद पाया गया कि पेशाब की थैली भी पूरी तरह फटी हुई है। करीब डेढ़ डंटे के सफल ऑपरेशन के बाद बच्चेदानी और पेशाब की थैली की मरम्मत की गई। इससे महिला को बचाने में सफलता मिली। विभागध्यक्ष ने बताया कि एमआरएमसीएच में पहली बार ऐसे गंभीर केस का सफल ऑपरेशन किया गया है। सहयोग के लिए वे पूरी टीम का आभारी है। डॉ लवली ने बताया कि महिला की स्थिति बेहद खराब थी मगर एमआरएमसीएच की टीम ने हाइ रिस्क के साथ अपने कार्यों को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। यहां से रांची रेफर करना बेहद मुश्किल था क्योंकि मरीज 4 घंटे तक इंतजार करने की स्थिति में कतई नहीं थी।

# राजमहल बीडीओ सह सीओ ने की योजनाओं की समीक्षा



**साहिबगंज:** प्रखंड विकास पदाधिकारी- सह- अंचल अधिकारी मो. यूसुफ ने आज राजमहल प्रखंड अंतर्गत कई पंचायतों में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने पंचायत गुनीहारी महासिंहपुर घाट जमनी और मोकिमपुर में अबुआ आवास योजना की समीक्षा करते हुए लाभुकों से सीधे बातचीत की। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि जिन लाभुकों ने अभी तक आवास निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया है। वे अविलंब निर्माण कार्य को पूरा करें। उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।निरीक्षण के क्रम में उन्होंने संबंधित पंचायत कर्मियों को भी कड़ा निर्देश दिया कि दो दिनों के भीतर सभी लाभुकों को उनके कार्य प्रगति के अनुसार अगली किस्त का भुगतान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जिम्मेदार कर्मियों पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।पंचायत महासिंहपुर में निरीक्षण के दौरान मनरेगा योजना के तहत निर्मित बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना एवं बिरसा हरित ग्राम योजना का भी जायजा लिया गया। उन्होंने इस वर्ष चयनित लाभुकों को निर्देश दिया कि गड्ढा खुदाई पूर्ण होते ही तुरंत घेराबंदी का कार्य शुरू करें।ताकि योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।इसके अतिरिक्त 15वें वित्त आयोग की योजनाओं, पंचायत भवन और ज्ञान केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को इन संरचनाओं की नियमित देखभाल और समुचित उपयोग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान बीडीओ मो. यूसुफ ने रोजगार सेवकों को विशेष रूप से निर्देश दिया। अबुआ आवास योजना के अंतर्गत कार्यरत लाभुकों को मनरेगा मद से मजदूरी का समय पर भुगतान हर हाल में किया जाए। उन्होंने कहा कि योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण विकास और गरीब परिवारों को सशक्त बनाना है। इसलिए इसमें किसी भी स्तर पर कोताही न हो। मौके पर बीपीओ गगन बापू, प्रखंड समन्वयक अभिजीत कुमार, आवास कोऑर्डिनेटर रविकांत रवि, रोजगार सेवक बिनोद रूज, दीपक मरांडी, दीपक दास, बीएफटी माणिक दास, संतोष सिंह सहित कई अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने संबंधित पंचायतों में बैठक कर योजनाओं की समीक्षा की और आगे की रणनीति पर चर्चा ।

## लोगों की समस्याओं अवगत हुए विधायक प्रतिनिधि



**साहिबगंज/बरहरवा:** प्रत्येक मंगलवार की भांति बरहरवा प्रखंड परिसर में स्थित विधायक कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है,इसी क्रम में मंगलवार को विभिन्न पंचायत से आए आम जनों और शरमीन अख्तर,अभय शमी,जाहिदा खातून नेजामुद्दीन रहमान, जुबेदा बीवी,मसकुरा खातून इनामुल सेख,सत्तार सेख,रज्जाक सेख, तारिकूल शकील बीबी,इत्यादि की समस्याओं से रूबरू हुए कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान।ग्रामीण क्षेत्र एवं नगर पंचायत से आए पुरुष एवं महिलाओं ने विधायक कक्ष में मैया सम्मान योजना संबंधित शिकायत,पेंशन संबंधित शिकायत मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत अनुदान राशि न मिलने की शिकायत, ग्रीन कार्ड न बनने की शिकायत,जाति आय निवास से संबंधित शिकायत पेयजल संबंधित शिकायत, आधार अपडेट से संबंधित भूमि विवाद,अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़ी संबंधित शिकायत विधायक प्रतिनिधि से की।बरकत खान ने जनता दरबार में आऐ शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याओं को सुना।सभी शिकायतों की निष्पक्ष जांच व त्वरित समाधान हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया।वहीं बरहरवा नगर पंचायत के वार्ड संख्या 3 के ग्रामीणों ने आवेदन के माध्यम से पेयजल संबंधित समस्या से अवगत कराया विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने आवेदन को अनुशंसा करके कार्यपालक पदाधिकारी बरहरवा को भेज कर जल्द से जल्द वार्ड संख्या 3 में पेयजल की समस्या को निदान करने का निर्देश दिया।साथ ही बरकत खान ने बताया कि जनता दरबार के माध्यम से प्रत्येक मंगलवार को नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुनते हैं। क्योंकि क्षेत्र के लोगों को विधायक कक्ष से एक उम्मीद है कि यहां जाने से हमारी समस्या का समाधान अवश्य होगा।पाकुड़ विधानसभा की लोकप्रिय विधायक निसात आलम का भी सख्त निर्देश है। कि जो भी लोग अपनी समस्या लेकर विधायक कक्ष में आते है। उनके समस्या का निस्वार्थ भाव से समाधान किया जाए।बरकत खान ने बताया कि हम लोग कुछ समस्याओ का ऑन द स्पॉट समाधान करवा देते हैं एवं कुछ समस्या अगर अधूरा रह जाता है तो पदाधिकारी को हम लोग निर्देशित कर देते हैं कि जल्द से जल्द समस्या का निदान किया जाए।इसी क्रम में प्रत्येक मंगलवार को विधायक कक्ष में जनता दरबार लगाया जाता है।मौके पर प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू, दिलदार आलम, नेहाल अख्तर विकास सिंह ,अनारूल खानहबीबुल्लाह,शमीम मंसूरी,आलमगीर मंसूरी,सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## टेंपो ने युवक को टक्कर मार हुआ फरार

**साहिबगंज:** तालझारी थाना क्षेत्र के भगिया मारी निवासी चिंटू यादव के इकलौता पांच वर्षीय पुत्र राम लखन यादव उर्फ आनंद को एक टेंपो ने जोरदार टक्कर मार कर फरार हो गया।स्वजनों अपने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया।इधर मृत राम लखन यादव के स्वजनों ने कुछ देर के बाद सदर अस्पताल में जम कर हंगामा किया।जिरवाबाडी पुलिस को सूचना मिलते ही सदर अस्पताल पहुंच कर मामले की जानकारी लेते हुए हंगामा कर रहे स्वजनों को समझाया बुझाया और शांत किया।साथ ही शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।जहां डाक्टर तबरेज आलम, कुलदीप गुप्ता ने शव का पोस्टमार्टम किया। स्वजनों ने बताया की राम लखन अपने घर से बाहर निकाला था और खेल रहा था। इसी दौरान अचानक टेंपो आया और उसे टक्कर मार दिया जिससे वह दूर जा गिरा जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट लगी हो हल्ला होने के बाद स्थानीय ग्रामीण व स्वजनों के सहयोग से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि इलाज के लिए लाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इधर मृत राम लखन के स्वजनों अस्पताल में जमकर हंगामा किया और डाक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि डाक्टर सही तरीका से इलाज नहीं किया अगर सही इलाज करता तो मेरा बच्चा जीवित रहता। जब बच्चे को अस्पताल लेकर आए थे तब हुआ अपनी मां से कुछ कह रहा था। इधर मौत राम लखन की मौत के बाद सदर अस्पताल में सदर अस्पताल में रोने की आवाज गूंजने लगी। राम लखन की मां अपनी सूद-बूध खो और इलाज करने के लिए उधार-उधार भटकने लगी जब उसे यकीन हो गया कि मेरा इकलौता पुत्र अब नहीं रहा तो वह चीज कर रोने लगे और कहने लगी उठो बेटा मुझे मां का कर पुकारो तुम नहीं रहेगा तो मुझे मां कौन कहेगा। इधर जिरवाबाडी पुलिस पोस्टमार्टम करने के बाद शव को स्वजनों को सौंप दिया। राम लखन यादव के पिता बाहर में रहकर मजदूरी का काम करते हैं जिससे पूरा परिवार का भरण पोषण चलता है। तालझारी पुलिस मामले की छानबीन कर रही हैं।

## पलामू में पीएम जनमन आवास की प्रगति खराब, छह प्रखंडों में एक पूर्ण नहीं

**मेदिनीनगर :** आदिम जनजातियों के लिए विशेष रूप से संचालित पीएम जनमन आवास योजना की गति पलामू जिले में अभी भी धीमी है। अभी तक लक्ष्य 1852 के विरूद्ध 144 पीएम जनमन आवास पूर्ण हुआ है। पलामू के 21 प्रखंड के 13 प्रखंडों में आदिम जनजातियों को पीएम जनमन आवास योजना का लाभ प्रदान किया गया है। छह प्रखंडों में एक भी आवास पूर्ण नहीं हो पाया है। 1828 लाभुकों को प्रथम किस्त, 1234 लाभुकों को द्वितीय और 523 लाभुकों को तृतीय और 57 लाभुकों अंतिम चौथे किस्त का भुगतान किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के जिला ट्रेनिंग को-ऑडिनेट अभय कुमार ने बताया कि उप विकास आयुक्त ने आवास योजनाओं के निर्माण कार्य में तेजी लाकर शीघ्रता से पूर्ण कराने का निदेश दिया दिया।

पंचायत सचिव को एक सप्ताह में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया है। राज्य में पीएम जनमन आवास योजना के निर्माण में प्रगति की दृष्टि से पलामू का स्थान 15वां है। पलामू के 13 प्रखंडों में आवंटित निवास करने वाले आदिम जनजातियों को पीएम जनमन आवास योजना आवंटित किया गया है। सात प्रखंडों में अभी तक एक भी आवास पूर्ण नहीं हो सका है। छह प्रखंडों में 144 आवास पूर्ण हुआ है। प्रधानमंत्री आवास योजना के जिला ट्रेनिंग को-ऑडिनेट के अनुसार चैनपुर प्रखंड में 239 आवास के विरूद्ध अभी तक 46 आवास पूर्ण हुआ है। रामगढ़ प्रखंड में 439 आवास के लक्ष्य के विरूद्ध 50, छतरपुर प्रखंड में 328 आवास के विरूद्ध 42, सतबरवा प्रखंड में 70 आवंटित आवास के विरूद्ध दो, नाबाजार प्रखंड में 144 आवास के विरूद्ध तीन, हुसैनाबाद प्रखंड में 331 आवास के विरूद्ध एक मात्र आवास पूर्ण हुआ है। पांकी में 98, नौडीहाबाजार में 97, मनातू में 66, विश्रामपुर प्रखंड में छह, मेदिनीनगर में नौ और पांडू प्रखंड में 36 आवास आवंटित किया गया है। इसमें एक भी आवास अब तक पूर्ण नहीं हो सका है। पीएम जनजन आवास योजना दो लाख रुपये की लागत से बनाई जानी है। इसमें लाभुकों को प्रथम किस्त के रूप में 30 हजार, द्वितीय किस्त के रूप में 50 हजार और तृतीय किस्त के रूप में एक लाख और आवास पूर्ण होने पर चौथे किस्त के रूप में 20 हजार रुपए प्रदान किए जाते हैं।

## न्यायाधीश ने वृद्धाश्रम एवं बाल सुधार गृह का किया निरीक्षण

**साहिबगंज:** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेर्शानुसार और प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, श्री अखिल कुमार ने स्थानीय स्नेह स्पर्श वृद्धाश्रम व बाल सुधार गृह का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने सरकार व प्राधिकार की ओर से उपलब्ध कराई जा रही सभी प्रकार की सुविधाओं की जांच की।निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहाँ प्रदान की जा रही सुविधाओं के साथ-साथ सफाई व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं तथा भवन की स्थिति का भी अवलोकन किया। इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा, ह्लबुजुर्ग हमारे अस्तित्व हैं। जबकि बच्चे हमारे भविष्य। हमें अपने वरिष्ठजनों का सम्मान तो बच्चों को स्नेह करना चाहिए। दूसरों की देखा-देखी एकल परिवार प्रणाली अपनाकर हम अपने ही परिजनों से दूरी बना रहे हैं। जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। समाज में वृद्धजनों की उपेक्षा निंदनीय है।बाल सुधार गृह में कुल आठ बच्चे हैं । उन्होंने बच्चों से बातचीत कर उनका मनोबल बढ़ाया और कहा आपको डरने की कोई आवश्यकता नहीं है। यहाँ आपको सभी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी। पारिवारिक वातावरण में रहकर आप पढ़ाई-लिखाई करें और एक बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर हों।ह्व उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों का बचपन सुरक्षित रहना चाहिए ताकि वे निर्भय होकर खेल-कूद सकें झ यही हमारा मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बच्चों को टॉफी प्रदान की ।इस कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत, मुख्य विधिक सहायता रक्षा अधिवक्ता अरविंद गोयल जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी पारा विधिक स्वयंसेवक सहित अन्य उपस्थित थे।

## 11वीं बोर्ड की वार्षिक परीक्षा में 401 परीक्षार्थी हुए शामिल



**साहिबगंज/उधवा :** झारखंड एकेडमिक काउंसिल जैक द्वारा आयोजित 11वीं बोर्ड की वार्षिक परीक्षा मंगलवार को उधवा प्रखंड स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय उधवा में पूरी तरह से शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा केंद्र पर किसी भी प्रकार की अनियमितता की शिकायत नहीं मिली। जानकारी के अनुसार जैक द्वारा 11वीं बोर्ड की वार्षिक परीक्षा के लिए प्लस टू उच्च विद्यालय उधवा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका नुसरत जहां ने परीक्षा के सफल संचालन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 11वीं बोर्ड की वार्षिक परीक्षा में कुल 401 परीक्षार्थी शामिल हुए। उन्होंने यह भी बताया कि पंजीकृत परीक्षार्थियों में से केवल 6 परीक्षार्थी ही परीक्षा में अनुपस्थित रहे। इस दौरान परीक्षा केंद्र पर व्यवस्था बनाए रखने और परीक्षा को सुचारु रूप से संपन्न कराने में शिक्षकों की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मौके पर उपस्थित शिक्षकों में नाईम अख्तर, रौशन कुमार, मन्नू शेख, अफलातून शेख, बीरबल प्रसाद सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।

## सरकारी पोखर को अवैध रूप से किया जा रहा था समतलीकरण, ट्रैक्टर व जेसीबी जब्त




**साहिबगंज/बरहरवा:** राजमहल अनुमंडल पदाधिकारी सदानंद महतो ने प्रेस कॉफ्रेंस कर बताया कि साहेबगंज जिला उपायुक्त के आदेशानुसार बरहरवा प्रखंड के मिजार्पुर पंचायत अंतर्गत सिट्टी पोखर नामक सरकारी तालाब खाता संख्या147 दाग न.256 कुल रकवा 9-3-6 धुर जमीन को कुछ व्यक्तियों विचौलियों द्वारा ट्रैक्टर संख्य जेएच 18 जी 5998 व जेसीबी संख्या-डब्लुबी58 एएक्स6621 से मिट्टी डालकर पोखर को समतल किया जा रहा था।उक्त मामले पर स्थानीय ग्रामीणों ने भी विरोध किया था मामले पर संज्ञान में लेते हुए सम्बंधित अंचल अमीन राजस्व उप निरीक्षक प्रभारी अंचल निरीक्षक अंचल बरहरवा से जांच कराई गई।जांचोपरांत प्रतिवेदन किया गया है। कि उक्त जमीन पर सरकारी पोखर का समतलीकरण अवैध रूप से किया जा रहा था।मामले पर ट्रैक्टर व जेसीबी जब्त करते हुए तथा संलिप्त लोगों पर सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है।हालांकि घटना में कौन कौन लोग शामिल है इसकी कोई जानकारी अभी तक पदाधिकरियों द्वारा सार्वजनिक नहीं किया गया है।

## एक ही परिवार के सात लोग डायरिया से पीड़ित



**साहिबगंज/बोरियो:**-प्रखंड के पुआल पंचायत के मठियो बेड़ों में डायरिया का प्रकोप से स्वास्थ विभाग सक्रिय हो गई।जानकारी के अनुसार एक ही परिवार के लगभग सात लोग डायरिया के मरीज मिले हैं मरीज को दिन से परेशान हैं। उन्हें सीएचसी बोरियो लाकर प्रथमिक उपचार किया जा रहा है। इलाजरत है सुरजा पहाड़िया 45 वर्षीय,मंगली पहाड़िन 45 वर्षीय,मादिया पहाड़िन 20 वर्षीय,मेशी पहाड़िन 15 वषीर्या,बबलू पहाड़िया 18 वर्षीय,बुधना पहाड़िया 10 वर्षीय,बच्ची गांगी पहाड़िन 2.5 वर्षीय शामिल हैं मामले बोरियो प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ साकेत सानू ने बताया कि एक ही परिवार के लोग है सभी डायरिया मरीजों का इलाज चल रहा बहुत ही जल्द रिकवरी हो जाएगी वही चिकित्सा पदाधिकारी डॉ साकेत सानू ने डायरिया से बचने के लिए साफ पानी व शुद्ध भोजन की सलाह देते हुए बासी भोजन का उपयोग नहीं करने की सलाह दी गई।



# बाबिल की कंट्रोवर्सी पर बोले अमित साध

फिल्म 'पुणे हाइवे' को लेकर अमित साध इन दिनों चर्चा में हैं। बग्स भार्गव कृष्णा और राहुल दाकुन्हा ने इस फिल्म को निर्देशित किया है। अमित साध के अलावा इस फिल्म में जिम सरभ भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। यह फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हाल ही में इस फिल्म को लेकर ही अमित साध ने बातचीत की। अपने करियर से जुड़ी कई बातें भी साझा कीं। साथ ही बाबिल खान की हालिया कंट्रोवर्सी पर भी अपनी राय रखी।

## बाबिल के बारे में ये कहा

अमित साध का मानना है कि जिंदगी किसी के लिए भी आसान नहीं है। बाबिल खान की हालिया कंट्रोवर्सी से वह इस बात को जोड़ते हैं। अमित साध कहते हैं, 'क्या हुआ उसने एक पोस्ट ही तो की है, अभी वो बच्चा है। जो लोग उसे टारगेट कर रहे हैं, वो खुद को देखें कि उन्होंने क्या कांड किए हैं। मैं जानता हूं कि बाबिल खान का परिवार उसके साथ खड़ा है, उसको सपोर्ट कर रहा है, उसे प्यार दे रहा है। देखिएगा, वह शानदार कमबैक करेगा। मैं भी उसके साथ काम करना चाहता हूं, फिल्म करना चाहता हूं, उसे बताना चाहता हूं कि वह कितना स्पेशल है।' बताते चलें कि कुछ दिन पहले इरफान खान के बेटे बाबिल खान की एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए, जिसमें वह रोते दिखे और बॉलीवुड के कुछ सेलिब्रिटी को फेक बताते नजर आए। इसके बाद उन्होंने अपना इंस्टाग्राम अकाउंट डिलीट कर दिया। एक दिन बाद बाबिल की टीम ने सफाई दी कि उन्हें एंग्जायटी अटैक पड़ते हैं और उनकी बातों का गलत मतलब लिया गया है। इस कारण से बाबिल को सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल भी किया गया।

## अमित बोले मैं भी बहुत कमजोर था

अमित साध यह भी बताते हैं कि जब आप इस इंडस्ट्री में आते हैं तो आपको तैयार रहना चाहिए कि लोग आपको जज करेंगे। वह कहते हैं, इस बात का असर आपके ऊपर हो सकता है, आप अलग-अलग तरह की चीजें सोचने पर मजबूर हो जाते हैं, गिरने की तरफ बढ़ने लगते हैं। लेकिन अगर आपके आसपास लोग ऐसे हैं, तो आपको सपोर्ट करते हैं तो आप बच जाते हैं। मैं भी बहुत कमजोर इंसान था, मुझे जल्दी ठेस पहुंच जाती थी। हां, अब मैं काफी मजबूत हूं। मेरी जिंदगी में अच्छे लोग आए, उनकी सलाह मैंने मानी।

## फिल्म 'पुणे हाइवे' की क्या है कहानी

अमित साध की फिल्म 'पुणे हाइवे' की बात करें तो यह एक थ्रिलर ड्रामा है। इसमें तीन दोस्त हैं, जो एक मर्डर होने के बाद अलग-अलग तरह से प्रभावित होते हैं। फिल्म में अमित साध, जिम सरभ के अलावा स्मिता डोगरे, स्वप्निल अजगांवकर और मंजरी फडणीस जैसे एक्टर्स भी नजर आएंगे।

# उर्फी जावेद ने बताई कान के रेड कार्पेट की सच्चाई



78वां कान फिल्म फेस्टिवल चल रहा है। 13 मई से शुरू हुआ यह फेस्टिवल 24 मई तक चलेगा। यहां दुनियाभर की फिल्मों का प्रीमियर होता है तो सिने जगत की चर्चित हस्तियां रेड कार्पेट पर जलवा बिखेरती हैं। इस साल उर्वशी रौतेला, नितांशी गोयल जैसी अभिनेत्रियों ने कान में हिस्सा लिया है। उर्फी जावेद भी कान फिल्म फेस्टिवल में जाने वाली थीं, लेकिन उनका वीजा रिजेक्ट हो जाने के कारण वे हिस्सा नहीं ले पाईं। हाल ही में उन्होंने कान के रेड कार्पेट पर चलने के लिए टिकट खरीदारी के बारे में बात की।

कान में जाना काबिलियत पर आधारित नहीं

उर्फी जावेद ने कान फिल्म फेस्टिवल से जुड़ी एक सच्चाई बताई है। उन्होंने कहा कि कान जाने का अवसर आपकी काबिलियत पर आधारित नहीं है। ब्रांड्स रेड कार्पेट के लिए टिकट खरीदते हैं और उन्हें अपने ब्रांड का प्रतिनिधित्व करने के लिए दिग्गज फिल्मी हस्तियों/ इन्फ्लुएंसर्स को देते हैं। उर्फी ने आगे कहा कि कोई निजी तौर पर भी टिकट खरीद सकता है।

## फिल्म का प्रीमियर बड़ी उपलब्धि

उर्फी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर इसे लेकर नोट लिखा है। उन्होंने आगे लिखा, निजी तौर पर भी कान के रेड कार्पेट पर चलने के लिए टिकट खरीदे जा सकते हैं। कान के रेड कार्पेट पर चलना कोई उपलब्धि नहीं है, मेरे लिए भी नहीं। यह खुद के प्रमोशन का एक अवसर है। यही सच्चाई है, जो मैंने यहां बताई। जब तक कि आपकी फिल्म का प्रीमियर इस फेस्टिवल में नहीं हो रहा हो यह कोई उपलब्धि नहीं। हां, फिल्म का यहां प्रीमियर होना उपलब्धि है। रेड कार्पेट पर चलने के लिए आप टिकट खरीद सकते हैं अगर आपके पास पैसा है। इसके अलावा ब्रांड्स भी आपको स्पॉन्सर कर सकते हैं।

## उर्फी को मिला था मौका, लेकिन...

बीते दिनों उर्फी जावेद ने खुलासा किया कि वे कान 2025 में हिस्सा नहीं ले पाएंगी। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, 'मुझे इंडे वाइल्ड के जरिए कान जाने का मौका भी मिला था (दीपा खोसला और क्षितिज कांकरिया को बहुत-बहुत धन्यवाद) लेकिन जैसा मेरी किस्मत में लिखा था, मेरा वीजा रिजेक्ट हो गया। मैं कुछ मजेदार आउटफिट आइडिया पर काम कर रही थी, लेकिन वीजा रिजेक्ट होने के बाद मैं और मेरी टीम बेहद निराश हो गई है।'



# पलक तिवारी ने बताया रोमियो एस 3 में काम करने का अनुभव

अभिनेत्री पलक तिवारी की एक्शन फिल्म रोमियो एस 3 सिनेमाघरों में रिलीज के हो गई है। इस बीच उन्होंने अपने किरदार से जुड़ी खास बातों के साथ ही बताया कि फिल्म में काम करने का उनका अनुभव कैसा रहा। पलक ने बताया कि पत्रकार बनने के लिए उन्होंने कैसे तैयारी की। एक्शन से भरपूर फिल्म में एक मजबूत पत्रकार का किरदार निभाना पलक के करियर में एक नया अध्याय जोड़ता है। उन्होंने बताया कि इस किरदार के लिए उन्होंने तैयारी कैसे की। उन्होंने बताया, यह मेरे लिए बहुत अहम था। मैंने इस किरदार को निभाने के लिए बहुत स्टडी की और यह समझा कि असली पत्रकार कैसे काम करते हैं, खासकर मुश्किल हालात में। मैंने स्क्रीन पर वही गंभीरता और लगन दिखाने की कोशिश की। मैं चाहती हूं कि दर्शक फिल्म में मनोरंजन का आनंद लें। मेरा नया अंदाज दर्शकों को पसंद आएगा।

पलक तिवारी ने बताया, मैं इस फिल्म में एक निडर और जिज्ञासु पत्रकार का किरदार निभा रही हूं, जो हमेशा अपने उसूलों पर कायम रहती है। यह रोल मुझे इसलिए अच्छा लगा क्योंकि पेन स्टूडियोज और जयंतीलाल गड़ा जी का सपोर्ट था, जिससे मुझे इस रोल को निभाने का विश्वास मिला। इसके साथ ही पलक ने एक्शन और थ्रिलर फिल्म में काम करने के अपने अनुभव को भी शेयर किया। उन्होंने बताया, यह अनुभव काफी मजेदार रहा, यह मेरे लिए नया और सेट पर जो माहौल था, वो बहुत प्रेरित करने वाला था। पेन स्टूडियोज जैसे बड़े प्रोडक्शन हाउस के साथ काम करने से यह और भी खास हो गया। पलक ने बताया कि गुड्डू धनोवा के साथ काम करने का उनका अनुभव शानदार रहा। उन्होंने बताया, सर के साथ काम करने का अनुभव बहुत अच्छा रहा। वह बहुत क्लियर हैं अपनी सोच में और पूरे काम को आसान और मजेदार अंदाज में पेश करते हैं। पेन स्टूडियोज के साथ काम करने का अनुभव शानदार था।

# परफॉर्मेंस से पहले होती थी घबराहट, अब रहती हूं उत्साहित

बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रुति हासन ने बात करते हुए बताया कि पहले स्टेज पर जाने से पहले उन्हें घबराहट महसूस होती थी, लेकिन समय के साथ उन्होंने इसे कैसे काबू करना सीखा है। श्रुति हासन ने अपने सफर के बारे में बताया कि भले ही परफॉर्मेंस से पहले की घबराहट अब भी बनी रहती है, लेकिन अब वह उस घबराहट को प्रेरणा और जोश का स्रोत मानती हैं।

जब श्रुति से पूछा कि क्या वह कभी परफॉर्मेंस से पहले नर्वस होती हैं, तो उन्होंने कहा, पहले मैं परफॉर्म करने से पहले बहुत नर्वस हो जाती थी, बहुत ज्यादा नर्वस। अब समय के साथ मैं बहुत बेहतर हो गई हूं, लेकिन फिर भी मुझे एक हल्की सी घबराहट, एक उत्साह का एहसास होता है। यह बस परफॉर्मेंस से पहले की घबराहट है, जिसे मैं बहुत अच्छा मानती हूं। यह मुझे प्रेरित करती है। लेकिन मैं हमेशा प्रैक्टिस के लिए समय जरूर निकालती हूं। एक्ट्रेस ने कहा, मुझे लगता है कि मेरा बैंड कभी-कभी थोड़ा परेशान हो जाता है क्योंकि मैं हमेशा ज्यादा प्रैक्टिस के लिए कहती रहती हूं। मुझे म्यूजिक के लिए रिहर्सल करना बहुत पसंद है, और मैं चाहती हूं कि जितना हो सके, उतना रिहर्सल करूं। हालांकि जब एक्टिंग की बात आती है, तो मुझे बहुत ज्यादा प्रैक्टिस पसंद नहीं है। लेकिन म्यूजिक के मामले में मैं ज्यादा से ज्यादा रिहर्सल करने को तैयार रहती हूं, क्योंकि मैं इसे अपनी परफॉर्मेंस का एक जरूरी हिस्सा मानती हूं। श्रुति हासन ने म्यूजिक जर्नी के बारे में कहा कि लाइव परफॉर्म करने के लिए उनके कुछ पसंदीदा गाने वॉश मी अवे बेहद खास हैं। यह गाना मेरे दिल के बहुत करीब है। जब वह इस गाने पर लाइव परफॉर्म करती हैं, तो इसमें एक चुनौती भी होती है, क्योंकि हर शब्द को सही तरीके से गाने की जिम्मेदारी होती है। यह चुनौती एक मजा और आनंद का हिस्सा है। जब एक्ट्रेस से उनके पसंदीदा सिंगर के बारे में पूछा गया, तो श्रुति ने कहा कि उनका कोई एक पसंदीदा नहीं है। इसकी बजाय, उन्हें भारतीय शास्त्रीय संगीत से लेकर रॉक एंड रोल तक, हर प्रकार के संगीत में अलग-अलग आवाजों को सुनना पसंद है। वर्कफ्रंट की बात करें तो श्रुति हासन सुपरस्टार रजनीकांत के साथ फिल्म कुली में नजर आएंगी।





# एक्टर जहान कपूर ने बताया नेपोटिज्म का मतलब

दिवंगत अभिनेता शशि कपूर के पोते जहान कपूर ने इस साल सीरीज ब्लैक वारंट में अपने किरदार से दर्शकों का दिल जीता है। हाल ही में जहान ने इंडस्ट्री में नेपोटिज्म को लेकर बात की। जहान ने कहा कि उन्होंने अपने सरनेम को कभी हल्के में नहीं लिया। एक्टर ने कहा कि उन्हें इससे डर लगा। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें सरनेम का फायदा क्यों नहीं उठाना चाहिए।

## क्या है नेपोटिज्म का मतलब?

जहान कपूर ने विक्रमादित्य मोटवाने की नेटफ्लिक्स सीरीज ब्लैक वारंट में जेलर सुनील कुमार गुप्ता के किरदार में नजर आए। जहान ने नेपोटिज्म को अनुचित फायदा बताया। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने सरनेम को कभी हल्के में नहीं लिया। जहान ने फिल्मफेयर से बातचीत में बताया कि नेपोटिज्म का क्या मतलब है? जहान के मुताबिक, यह एक अयोग्य, गैर-योग्यतापूर्ण लाभ है जो किसी को निजी इक्वेशन के कारण दिया जाता है।

## सरनेम ने डरा दिया

जहान ने आगे कहा कि वास्तव में कपूर नाम और उसके बैगेज ने उन्हें काफी जरा दिया। उन्हें लगता कि उनके लिए अगर कोई दरवाजा खुला और उन्होंने मौके का पूरा फायदा नहीं उठाया, अगर वे तैयार नहीं हुए, या उनके पास अपने पैरों पर खड़े होने और आत्मविश्वास से मौके को पाने के साधन नहीं हुए तो वह सबसे बड़ा नुकसान होगा। जहान ने कहा, मतलब लाना है मुझ पर।

## अपना नाम बनाने में 12 साल लग गए

जहान के मुताबिक मेरा नजरिया यही है कि क्यों मुझे सरनेम का फायदा नहीं उठाना चाहिए, बल्कि अपनी पूरी तैयारी करनी चाहिए। ऐसा नहीं है कि मुझे कुछ मुफ्त में दिया गया हो। आपको लगता है कि यह आसान है? आपका नाम है। मुझे इसमें 12 साल लग गए।

# केविन डी ब्रुएने को मैनचेस्टर सिटी का खास सम्मान अकादमी में बना मोजेक और सड़क का नाम किया समर्पित

एजेंसी

**लंदन :** मैनचेस्टर सिटी ने अपने दिग्गज मिडफील्डर केविन डी ब्रुएने को एक यादगार सम्मान देते हुए सिटी फुटबॉल अकादमी में उनका एक भव्य मोजेक स्थापित किया है और अकादमी से फर्स्ट टीम सेंटर को जोड़ने वाली सड़क का नाम ह्यकेविन डी ब्रुएने क्रेसेंटह्व रखा है। डी ब्रुएने को यह सम्मान क्लब के चेयरमैन खलदून अल मुबारक ने मंगलवार को व्यक्तिगत रूप से सौंपा। ट्रेनिंग पिच के पास लगाए गए इस मोजेक में डी ब्रुएने का एक जश्न मनाने वाला पोज दर्शाया गया है। इसे मैनचेस्टर के स्थानीय कलाकार और क्लब समर्थक मार्क कैनेडी ने तैयार किया है। यह स्मृति-चिन्ह क्लब के महान खिलाड़ियों-याया टूर,



जो हार्ट, डेविड सिल्वा, विंसेंट कंपनी, सर्जियो एगुएरो, फर्नांडिन्हो और इल्काय गुंडोगन-को पहले दिए गए सम्मानों की श्रृंखला में नया नाम है। केविन डी ब्रुएने ने मंगलवार को बोरनमाउथ के खिलाफ एतिहाद स्टेडियम में अपना अंतिम घरेलू मुकाबला खेला। जून में अनुबंध समाप्त होने के बाद वह क्लब को अलविदा कहेंगे।

## गौरवशाली रहा 10 साल का सफर

2015 में जर्मन क्लब वोल्फ्सबर्ग से सिटी से जुड़ने के बाद डी ब्रुएने ने क्लब के लिए 420 मैचों में 108 गोल किए। 33 वर्षीय इस बेल्जियम मिडफील्डर ने अपने दशक लंबे कार्यकाल में सिटी के सबसे सफल खिलाड़ी का दर्जा प्राप्त किया। उन्होंने क्लब को छह प्रीमियर लीग खिताब, दो एफए कप, पांच लीग कप, एक चैंपियंस लीग, एक सुपर कप और एक क्लब वर्ल्ड कप दिलाया। डी ब्रुएने को मिला यह विशेष सम्मान उनके योगदान को सदा के लिए क्लब इतिहास में दर्ज कर गया है।

# आयरलैंड को झटका, वेस्टइंडीज वनडे सीरीज से बाहर हुए क्रेग यंग और कर्टिस कैंफर

**नई दिल्ली :** वेस्टइंडीज के खिलाफ 21 मई से डबलिन में शुरू हो रही वनडे सीरीज से पहले आयरलैंड टीम को बड़ा झटका लगा है। तेज गेंदबाज क्रेग यंग और ऑलराउंडर कर्टिस कैंफर चोटिल होकर सीरीज से बाहर हो गए हैं। दोनों की जगह युवा खिलाड़ियों को मौका दिया गया है। यंग की जगह जॉर्डन नील और कैंफर की जगह विकेटकीपर बल्लेबाज स्टीफन डोहेनी को टीम में शामिल किया गया है। क्रेग यंग को यह चोट इंटर-प्रोविंशियल कप के एक मुकाबले में लगी थी जब वे नॉर्थ वेस्ट वॉरियर्स की ओर से खेलते हुए अपना नौंवा ओवर पूरा नहीं कर सके। उन्होंने 8.5 ओवर में 49 रन देकर 1 विकेट लिया और आखिरी गेंद पर बैरी मैकार्थी को आउट किया। वहीं, कर्टिस कैंफर की चोट हाल ही में नेट अभ्यास के दौरान लगी। बल्लेबाजी करते समय उनकी उंगली में फ्रैक्चर हो गया, जिससे वे सीरीज से बाहर हो गए। आयरलैंड के मुख्य चयनकर्ता एंड्रयू व्हाइट ने कहा, ➡हमारे पास अब एक लंबी चोटिल खिलाड़ियों की सूची है, जिसमें मार्क अडायर, ग्राहम ह्यूम, क्रेग यंग, फियॉन हैंड और कर्टिस कैंफर शामिल हैं।

# पेरिस ओलंपिक के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में उतरेंगी भारतीय महिला बॉक्सर

## थाईलैंड ओपन और वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में लेंगी भाग

एजेंसी

**नई दिल्ली :** पेरिस ओलंपिक के बाद पहली बार भारतीय महिला मुक्केबाज अंतरराष्ट्रीय रिंग में उतरने के लिए तैयार हैं। भारतीय बॉक्सर दो बड़े टूर्नामेंट थाईलैंड ओपन और वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में हिस्सा लेंगी। थाईलैंड ओपन 24 मई से बैंकॉक में खेला जाएगा, जबकि वर्ल्ड बॉक्सिंग कप का आयोजन 30 जून से अस्ताना, कजाखस्तान में किया जाएगा। थाईलैंड ओपन में उतरेंगी रजत पदक विजेता, वर्ल्ड कप में दिखेंगी राष्ट्रीय चैंपियन भारतीय बॉक्सिंग फेडरेशन (बीएफआई) की नई चयन नीति के अनुसार, वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में राष्ट्रीय चैंपियन उतरेंगी, जबकि थाईलैंड ओपन में रजत पदक विजेताओं को मौका मिलेगा। यह चयन प्रक्रिया पुरुष और महिला दोनों



वर्गों पर समान रूप से लागू की गई है।

## पिछले एक साल में चूके कई अहम टूनामेंट

ओलंपिक साइकिल के दौरान बीएफआई के राष्ट्रीय कैंप्स में देरी और महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप को कई बार स्थगित किए जाने के चलते भारतीय मुक्केबाजों को एशियन चैंपियनशिप और स्ट्रैंडजा मेमोरियल जैसे अहम टूनामेंटों से बाहर रहना पड़ा। पुरुष बॉक्सर्स ने अप्रैल में वर्ल्ड बॉक्सिंग कप के जरिए वापसी कर ली थी, लेकिन महिलाओं के राष्ट्रीय मुकाबले मार्च के अंत में आयोजित होने के कारण उन्हें देर से मौका मिला। फिलहाल वर्ल्ड बॉक्सिंग की अंतरिम समिति के अधीन है भारतीय बॉक्सिंग बीएफआई के चुनाव फिलहाल अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हैं। ऐसे में विश्व बॉक्सिंग संस्था द्वारा गठित अंतरिम समिति भारतीय मुक्केबाजी से जुड़ी सभी गतिविधियों का संचालन कर रही है।

# बलिया में व्यापारी नेता को गोली मारकर बाइक सवार फरार

एजेंसी

**बलिया :** जिले की नगर कोतवाली क्षेत्र के कासिम बाजार में बुधवार को सुबह लगभग साढ़े आठ बजे के बाइक सवार दो बदमाशों में व्यापारी नेता को गोली मार दी। सूचना पहुंची पुलिस ने घायल व्यापारी नेता को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराते हुए हमलावारों की तलाश शुरू कर दी है। अरुण कुमार गुप्ता (55) की कासिम बाजार में दवा की दुकान है। वह व्यापारी नेता भी है। आज सुबह वह अपनी दुकान के पास खड़े थे। तभी अचानक एक बाइक पर सवार दो बदमाश वहां पहुंचे और व्यापारी नेता को गोली मार दी। उन्हें कमर के नीचे करीब दो गोली लगी हैं और लहुलूहान हालत में गिर पड़े। अपर पुलिस अधीक्षक अध्यक्ष कृपा शंकर, सीओ सिटी श्यामकांत व नगर कोतवाली की पुलिस मौके पर पहुंचे। व्यापारी नेता को अस्पताल में भर्ती कराते हुए घटना की जानकारी ली। वहीं घटना को लेकर व्यापारी नेता का हाल जानने के लिए अस्पताल में भीड़ जमा हो गई। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि परिजनों ने पुलिस को अभी कुछ स्पष्ट रूप से बताया नहीं है, जिससे पता चल सके कि आखिर किसने इस घटना को अंजाम दिया है। पुलिस छानबीन कर रही है। हमलावरों की तलाश जारी है।



# डिजिटल अरेस्ट मामले में उप्र से आरोपित गिरफ्तार

एजेंसी

**हावड़ा :** हावड़ा साइबर क्राइम पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट कर 30 लाख की ठगी करने के मामले में एक आरोपित को उत्तर प्रदेश को गौतमबुद्ध नगर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए शख्स की पहचान गौतमबुद्ध नगर निवासी 31 वर्षीय कपिल कुमार के रूप में हुई है। हावड़ा पुलिस कमिश्नरेट के डीसीपी ने बुधवार सुबह बताया कि आरोपित कपिल कुमार के खाते में पीड़ित की ठगी की गई राशि में से 20 लाख रुपये भेजे गए थे, जिसमें से उसने 19.50 लाख रुपये स्पाइस मनी के माध्यम से निकाल लिए और शेष 50 हजार रुपये अपने पास रख लिए। पूछताछ के दौरान आरोपित ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है और फिलहाल पुलिस हिरासत में है। पुलिस की त्वरित कार्रवाई के चलते कुल ठगी गई राशि का लगभग 20.57 प्रतिशत यानी छह लाख 17 हजार रुपये बरामद कर पीड़ित को लौटा दिया गया है। बाकी की रकम की वसूली और अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए जांच तेज कर दी गई है।

## बिहार में आंधी-तूफान के साथ भारी बारिश की संभावना, मौसम विभाग का अलर्ट जारी




एजेंसी

**पटना :** मौसम विज्ञान केन्द्र पटना ने प्रदेश के सभी जिलों में बारिश, आंधी-तूफान और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना व्यक्त की है। साथ ही 50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं भी चलेंगी। अगले 5 से 6 दिनों तक बिहार में आंधी-तूफान का भी लोगों को सामना करना पड़ सकता है।

मौसम विभाग ने राज्य के 17 जिलों में ऑरेंज अलर्ट और 21 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है, जबकि एक जिले में रेड अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, सहरसा, मधेपुरा, पूर्णिया, कटिहार, भागलपुर, बांका, जमुई, मुंगेर और खगड़िया में मेघगर्जन और व्रजपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। जमुई, बांका, पूर्णिया, अररिया, सुपौल, कटिहार, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, मधुबनी, औरंगाबाद, शेखपुरा, लखीसराय, मुंगेर, खगड़िया और किशनगंज में भारी बारिश होने की चेतावनी जारी की गई। वहीं, पूर्वी चंपारण में रेड अलर्ट जारी किया गया है।

## ओ लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण देने को संस्थाओं से मांगा आवेदन



**प्रयागराज :** प्रदेश की योगी सरकार ने ओ लेवल एवं सी.सी.सी. कम्प्यूटर प्रशिक्षण देने के लिए इच्छुक संस्थान 27 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। यह जानकारी बुधवार को प्रयागराज जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कोमिल द्विवेदी ने दी है। उन्होंने बताया कि पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक एवं युवतियों के लिऐ संचालित ओ-लेवल एवं सी.सी.सी. कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना के तहत भारत सरकार की अधिकृत संस्था निलिट से मान्यता प्राप्त जो जनपद स्तर पर कार्यरत ओ लेवल एवं सी.सी.सी. कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान कराने के लिए इच्छुक संस्थाओं द्वारा आवेदन किया जा सकता है। आवेदन करने की अंतिम तिथि तक संस्था की मान्यता वैलिड होना अनिवार्य है।

# छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में स्पेशल टास्क फोर्स का गठन, रायपुर में ममता, दुर्ग में सत्यप्रकाश बने प्रभारी

**बांग्लादेशी व रोहिंग्यों की तलाश करेंगी टीमें, एसटीएफ की पहली बैठक पांच जून को**

एजेंसी

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ में रह रहे अवैध अप्रवासी, घुसपैठिए जैसे बांग्लादेशी, पाकिस्तानी और रोहिंग्याओं की तलाशी के लिए प्रदेश के 33 जिलों में स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) का गठन किया गया है। इसके लिए एडिशनल एसपी और डीएसपी रैंक के अधिकारियों को प्रभारी बनाया गया है। रायपुर में एएसपी ममता देवांगन को एसटीएफ का प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह दुर्ग में डीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी, राजनांदगांव में राहुल देव शर्मा, कवर्धा में एएसपी पुष्पेंद्र सिंह बघेल, खैरागढ़ में एएसपी नीतेश गौतम, मोहला-मानपुर में डीएसपी नेहा पवार को प्रभारी बनाया गया है। अधिकांश जिलों में एएसपी और डीएसपी रैंक के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ में इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर, एएसपी, हवलदार और सिपाही की टीम रहेगी। उल्लेखनीय है कि टास्क फोर्स राज्य में अवैध दस्तावेज या बिना दस्तावेज के रहने वाले और बाहर से आने वालों की तलाश करेंगे। इनकी कार्रवाई की हर माह रिपोर्ट बनाई जाएगी, जो हर माह की 5 तारीख तक गृह विभाग को भेजनी होगी। एसटीएफ की पहली बैठक 5 जून को मंत्रालय में होगी। इसकी रिपोर्ट केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजी जाएगी। इस मामले में एडीजी इंटेलिजेंस अमित कुमार ने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से राज्यों को जो निर्देश दिए गए हैं उस पर प्रभाव पूर्ण तरीके से काम किया जा रहा है। देशभर में अवैध प्रवासियों की जांच पड़ताल के निर्देश मिले थे, छत्तीसगढ़ को भी केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से निर्देश प्राप्त हुए है, जिले में घुसपैठियों की तलाश तेजी से जारी है। इसी कड़ी में सभी 33 जिलों में स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) का गठन किया गया है।




# मुठभेड़ में जानलेवा हमले के तीन अभियुक्त गिरफ्तार, गोली लगी

एजेंसी

**फिरोजाबाद :** थाना दक्षिण व एसओजी पुलिस टीम ने मंगलवार की देर रात्रि जानलेवा हमले के तीन अभियुक्तों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। पैर में गोली लगने से घायल तीनों अभियुक्तों को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया है। अपर पुलिस अधीक्षक देहात अखिलेश भदौरिया ने बताया कि 16 मई की रात्रि में देशदीपक यादव पर मयंक उर्फ सचिन व उसके साथियों द्वारा हत्या करने की नीयत से फायर किया गया था। पीड़ित ने मंगलवार को थाने पर मुकदमा दर्ज कराया था। हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमों का गठन किया गया था। उन्होंने बताया कि थाना दक्षिण प्रभारी योगेंद्र पाल सिंह व एसओजी प्रभारी अमित तोमर पुलिस टीम के साथ मंगलवार की देर रात्रि क्षेत्र में गश्त पर थे तभी सूचना मिली कि जानलेवा हमले के वांछित अभियुक्तगण थाना क्षेत्र दक्षिण में बिहारीपुर से लालऊ की ओर आ रहे है। सूचना के आधार पर पुलिस टीमों ने बिहारीपुर लालऊ रोड़ पर सघन चैकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान 07-08 संदिग्ध व्यक्ति पैदल आते हुए दिखाई दिए। पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों को रोकने पर उन्होंने पुलिस टीम पर फायर कर दिया।आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी कार्यवाही में तीन संदिग्ध व्यक्तियों के पैर में गोली लग गयी। जिससे वह घायल हो गये तथा 04-05 संदिग्ध व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गये। घायल व्यक्तियों की पहचान मयंक उर्फ सचिन पुत्र राजेश भारद्वाज, अमन पण्डित पुत्र अश्वनी शर्मा निवासीगण नई बस्ती थाना दक्षिण व रोहन यादव पुत्र अजय निवासी कोटला मौहल्ला नई बस्ती थाना दक्षिण के रूप में हुई है जो कि जानलेवा हमले की घटना के वांछित अभियुक्त है। पुलिस ने इनके कब्जे से एक देशी पिस्टल 32 बोर, 5 खोखा, 10 जिंदा कारतूस 32 बोर, 2 अवैध तमंचा, 12 जिन्दा, 8 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किए है। एएसपी ने बताया कि घायल अभियुक्तों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। अभियुक्तों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही जा रही है।



## रानीगंज के बीडीओ घूस के डेढ़ लाख रुपए के साथ गिरफ्तार, निगरानी ने लेखापाल को भी किया गिरफ्तार

**अररिया :** बिहार में अररिया जिले के रानीगंज प्रखंड विकास पदाधिकारी रितम कुमार चौहान को पटना से आई विशेष निगरानी की टीम ने मंगलवार की देर रात उनके आवास से घूस के डेढ़ लाख रुपए नकद के साथ गिरफ्तार किया। विशेष निगरानी की टीम ने रानीगंज बीडीओ के साथ प्रखंड कार्यालय के सहायक लेखापाल आदित्य प्रियदर्शी को भी हिरासत में लिया है।प्रखंड उप प्रमुख कलानंद सिंह उर्फ कैलू सिंह की शिकायत पर निगरानी विभाग की टीम ने यह कार्रवाई की।निगरानी के डीएसपी चंद्रभूषण कुमार के नेतृत्व में पटना से आई निगरानी की टीम ने यह कार्रवाई की। रानीगंज उप प्रमुख कलानंद सिंह से पूर्व में 15 लाख के सरकारी योजना में दस फीसदी कमीशन के तौर पर डेढ़ लाख रुपए घूस की मांग की गई थी। वरीय अधिकारियों के आदेश के बावजूद रानीगंज बीडीओ रितम कुमार चौहान पेमेंट के लिए चेक नहीं काट रहा था।पेमेंट की राशि की चेक काटने के एवज में बीडीओ ने अपने कार्यालय सहायक लेखापाल आदित्य प्रियदर्शी के माध्यम से उप प्रमुख से डेढ़ लाख रुपए की मांग की। उप प्रमुख कलानंद सिंह ने जब लेखपाल मांग को लेकर बीडीओ से बात की तो उन्होंने भी घूस के पैसे दिए जाने की बस ही चेक कटने की बात कही।जिसके बाद उप प्रमुख ने निगरानी विभाग को शिकायत की।शिकायत के आलोक में पटना से आई निगरानी विभाग की टीम दिनभर रानीगंज में कैंप करती रही और फिर देर रात को जब उप प्रमुख कलानंद सिंह द्वारा रानीगंज बीडीओ के आवास पर घूस की रकम पहुंचाई गई।

# यूपी में 14 आईएएस और छह पीसीएस के तबादले

एजेंसी

**लखनऊ :** शासन ने मंगलवार देर रात यूपी के हरदोई, बलिया, महराजगंज और पीलीभीत जिलाधिकारी समेत 14 आईएएस और छह पीसीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। अपर मुख्य सचिव, वित्त, प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा दीपक कुमार को वर्तमान पदों के साथ कृषि उत्पादन आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार मिला है। हरदोई के डीएम मंगला प्रसाद सिंह को बलिया का डीएम, बलिया के डीएम प्रवीण कुमार लक्षकार को संयुक्त प्रबंध निदेशक उप्र. जल निगम नगरीय बनाया गया है। महराजगंज के डीएम अनुनय झा को हरदोई का डीएम और अयोध्या तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी व अयोध्या के नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा को महराजगंज का डीएम बनाया है। इसी के साथ ही साथ सीडीओ सिद्धार्थनगर जयेंद्र कुमार को मुख्य कार्यपालक अधिकारी अयोध्या तीर्थ विकास परिषद, नगर आयुक्त अयोध्या, मृणाली अविनाश जोशी संयुक्त मजिस्ट्रेट गोरखपुर को सीडीओ सिद्धार्थनगर, रविंद्र कुमार प्रथम को विशेष सचिव संस्कृति विभाग, तथा निदेशक धर्मार्थ कार्य को विशेष सचिव कृषि, कृषि विपणन एवं विदेश व्यापार एवं कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। संयुक्त प्रबंध निदेशक उप्र. जल निगम नगरीय ज्ञानेंद्र सिंह को पीलीभीत का डीएम बनाया गया है। पीलीभीत के डीएम संजय कुमार सिंह को विशेष सचिव संस्कृति विभाग तथा निदेशक धर्मार्थ कार्य बनाया है। अपूर्वा दुबे को उपाध्यक्ष अलीगढ़ विप्रा को निदेशक सूडा, कुलदीप मीणा सीडीओ बुलंदशहर को उपाध्यक्ष अलीगढ़ विप्रा, निशा संयुक्त मजिस्ट्रेट मथुरा को सीडीओ बुलंदशहर और प्रेरणा शर्मा निदेशक सूडा को विशेष सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण बनाया गया है।

# सराफा बाजार में जोरदार तेजी से उछला सोना, चांदी भी हुई लखपति

एजेंसी

**नई दिल्ली :** घरेलू सराफा बाजार में आज मामूली तेजी का रुख नजर आ रहा है। सोना आज 1,740 रुपये से लेकर 1,900 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। इसी तरह चांदी ने भी आज 1,900 रुपये प्रति किलोग्राम की छलांग लगाई है। कीमत में आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 97,420 रुपये से लेकर 97,570 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 89,300 रुपये से लेकर 89,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सराफा बाजार में आज एक बार फिर एक लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 97,570 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 89,450 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 97,420 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 97,470 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,350 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 97,420 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 89,300 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 97,420 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 97,570 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 89,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,470 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 89,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 97,570 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी आज सोने के भाव में जबरदस्त तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 97,420 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सराफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 89,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।



## आर्केस्ट्रा में अवैध हथियार लहराने वाला आरोपी गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण :** जिला के बंजरिया थाना पुलिस ने त्वतरित कारवाई करते हुए एक शादी समारोह के दौरान अवैध हथियार लहराने और फायरिंग करने वाले आरोपी जटाशंकर यादव उर्फ दमकल को गिरफ्तार कर लिया है। जिले के बंजरिया थाना क्षेत्र के सेमरहिया गांव में पीडीएस दुकानदार ओम प्रकाश यादव के यहां शादी समारोह के दौरान उसके चाचा जटा शंकर यादव उर्फ दमकल ने आर्केस्ट्रा में नाच रही नर्तकियो के मंच पर कट्टा निकालकर लहराते हुए फायरिंग की घटना को अंजाम दिया। मौके पर मौजूद किसी व्यक्ति ने इस पूरी घटना का वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।वायरल वीडियो की सूचना मिलते ही एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर बंजरिया थानाध्यक्ष रमेश महतो,एसआई त्रिभुवन कुमार व सशस्त्र बलो की टीम ने वीडियो का सत्यापन करते हुए आरोपी जटाशंकर यादव को अवैध हथियार व गोली के साथ गिरफ्तार किया है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### नगांव में पत्नी और उसके प्रेमी की बेरहमी से हत्या

**नगांव (असम) :** असम के नगांव ज़िले के कामपुर इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां पर प्रेम के शक में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और उसके प्रेमी की बेरहमी से हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपित ने स्वयं कामपुर थाने में आत्मसमर्पण कर दिया। घटना कामपुर के पाछनिझार इलाके की है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि जयकांत दास नामक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और उसके प्रेमी भास्कर नाथ को- जो एक टेट पास शिक्षक थे- उनके किराए के मकान में धारदार हथियार से मौत के घाट उतार दिया। हत्या के बाद आरोपित जयकांत दास सीधे कामपुर थाना पहुंचा और आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और जांच शुरू कर दी है।

मृतक शिक्षक भास्कर नाथ के बारे में बताया गया है कि वह मूल रूप से मंगलदै का निवासी था। इस दोहरे हत्याकांड से इलाके में भारी सनसनी फैल गई है।

### जोरहाट में प्रदेश भाजपा पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक

**गुवाहाटी :** पंचायत चुनाव में प्रचंड जीत मिलने के बाद आज जोरहाट में असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा की उपस्थिति और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सैकिया की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी, असम प्रदेश पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण विस्तारित बैठक आयोजित हो रही है। पार्टी के कार्यकताओं को उत्साहित करने के लिए उक्त बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्वोत्तर के समन्वयक डॉ. सम्बित पात्रा, प्रदेश प्रभारी हरिश द्विवेदी, केंद्रीय मंत्री पवित्र मार्घेरिटा, राष्ट्रीय सचिव-सांसद कामाख्या प्रसाद तासा के अलावा राज्य के मंत्री, विधायक, सांसद सहित प्रदेश समिति के पदाधिकारी, जिला समिति के अध्यक्ष, जिला प्रभारी-सह-प्रभारी, स्वायत्त परिषदों के मुख्य कार्यकारी सदस्य आदि शामिल हो रहे हैं। इस सभा के एक सत्र में प्रदेश भाजपा के 39 संगठनात्मक जिलों के अध्यक्ष, प्रभारी, सह-प्रभारी; प्रदेश समिति के पदाधिकारी और प्रदेश प्रवक्ता आदि हिस्सा लेंगे। सभा के दूसरे सत्र में उपर्युक्त कार्यकताओं के साथ-साथ मंत्री, सांसद, विधायक भी भाग लेंगे। दल के संगठनात्मक दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण इस सभा में पिछले पंचायत चुनाव की विस्तृत चर्चा और विश्लेषण होगा। साथ ही आने वाले दिनों आयोजित होने वाले बीटीआर चुनाव सहित अन्य चुनावों की उचित योजना तैयार करने के लिए भी इस सभा में चर्चा की जाएगी। इसी प्रकार उपरी-निचले असम और उत्तर-दक्षिण क्षेत्र समेत सभी क्षेत्रों की सामाजिक-राजनीतिक स्थिति पर विस्तृत समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा, पार्टी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण 2026 में होने वाले असम विधानसभा के आम चुनाव के संदर्भ में विशेष चर्चा होगी। दूसरी ओर, बीते समय में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आशीर्वाद और मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा के सशक्त नेतृत्व में राज्य के सभी जातियों-जनगोष्ठियों के समग्र विकास के साथ राज्य में चल रहे विकास के अविराम यात्रा को और अधिक मजबूत करने के लिए भाजपा की इस विस्तृत पदाधिकारी सभा में विस्तृत योजना बनाई जाएगी। इसके अलावा, जनकल्याणकारी योजनाओं को सफल बनाने के लिए पार्टी के कार्यकताओं की जिम्मेदारी के संबंध में इस सभा में विस्तार से चर्चा की जाएगी।

### छत्तीसगढ़ में रायपुर स्टेशन के नजदीक मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतरे

**रायपुर :** रायपुर रेलवे स्टेशन के पास बुधवार सुबह करीब 7 बजे बड़ा हादसा हो गया। बिलासपुर से रायपुर स्टेशन की तरफ आ रही मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसे की जानकारी मिलते ही रेलवे के अधिकारी और आरपीएफ के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। यह हादसा रायपुर के चुनाभट्टी के पास हुआ है। हादसे के बाद ट्रेनों को प्लेटफार्म पांच और छह से डायवर्ट कर चलाया जा रहा है। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि बिलासपुर से दुर्ग की ओर जा रही मालगाड़ी के दो रैक रायपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंचने से ठीक पहले पटरी से उतर गए। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे और आरपीएफ के अधिकारी मौके पर पहुंच गए, जहां रैक को पटरी पर लाने का काम किया गया। पीक आवर में हुई घटना के बाद स्टेशन के प्लेटफार्म एक, दो और तीन पर आने वाली ट्रेनों को चार, पांच और छह प्लेटफार्म से डायवर्ट कर निकाला जा रहा है।

### ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशिया में आमतौर पर तेजी का रुख

**नई दिल्ली :** ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव बना रहा। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज गिरावट के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। दूसरी ओर, यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान तेजी का माहौल बना रहा। एशियाई बाजार में भी आज आमतौर पर खरीदारों का जोर बना हुआ है। टैरिफ को लेकर बनी अनिश्चितता और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में तत्काल कटौती नहीं करने का संकेत देने के कारण अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान गिरावट का शिकार हो गए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.39 प्रतिशत टूट कर 5,940.46 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 0.38 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 19,142.71 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ 42,589.03 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार के विपरीत यूरोपीय बाजारों में पिछले सत्र के दौरान लगातार खरीदारी होती रही। एफटीएसई इंडेक्स 0.93 प्रतिशत की मजबूती के साथ 8,781.12 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.74 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,942.42 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 101.13 अंक यानी 0.42 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,036.11 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में आज आमतौर पर खरीदारी का माहौल बना हुआ है। एशिया के 9 बाजारों में से 7 के सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि दो सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। निक्केई इंडेक्स 0.25 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 37,434.52 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,871.13 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 0.21 प्रतिशत की मजबूती के साथ 24,826 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह हैंग सेंग इंडेक्स 113.56 अंक यानी 0.48 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,795.04 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। ताइवान वेटेड इंडेक्स ने आज जोरदार छलांग लगाई है। फिलहाल यह सूचकांक 234.29 अंक यानी 1.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 21,760.32 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। तरह कोस्पी इंडेक्स 1.03 प्रतिशत उछल कर 2628.65 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। इसके अलावा सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.73 प्रतिशत की मजबूती के साथ 1,197.78 अंक के स्तर पर, जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.66 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,141.22 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.38 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,393.49 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

# मुख्यमंत्री व कल्पना सोरेन ने दुर्गा सोरेन की प्रतिमा पर दी श्रद्धांजलि





**रांची:** झारखंड राज्य आंदोलन के अग्रणी नेता शिबू सोरेन के बड़े पुत्र और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बड़े भाई एवं पूर्व विधायक स्व० दुर्गा सोरेन की पुण्यतिथि पर रांची के नामकुम (लोवाडीह) स्थित दुर्गा सोरेन स्मारक पहुंचे, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन स्व. दुर्गा सोरेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

## ये कहां आ गए हम



**विनय मिश्रा**

**झारखंड** में आईएएस अधिकारियों की गिरफ्तारी और उन पर कार्रवाई इन दिनों चर्चा में है झारखंड के आईएएस अधिकारी डॉक्टर प्रदीप कुमार स्वास्थ्य सचिव के पद पर रहते हुए उन पर अनियमित के आरोप लगे और उन्हें भी जेल की हवा खानी पड़ी थी डॉक्टर प्रदीप कुमार रांची और पलामू के उपायुक्त भी रह चुके थे वर्तमान समय में भारतीय प्रशासनिक सेवा 1999 बैच के आईएएस अधिकारी तथा 2023 में प्रधान सचिव रैंक में पदोन्नति होने वाले विनय कुमार चौबे कि कल एसीबी के द्वारा गिरफ्तार किए गए विनय चौबे भी हजारीबाग पलामू और रांची के उपायुक्त रह चुके हैं इसके अलावा कई महत्वपूर्ण विभागों के सचिव पद पर भी रहे हैं भारतीय प्रशासनिक सेवा 2011 बैच के आईएएस अधिकारी छवि रंजन भी वर्तमान समय में जेल में है वह भी रांची के उपायुक्त रह चुके हैं आप लोगों के मन में यह प्रश्न उठना लाजिमी है कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी जो लोगों के लिए प्रेरणा स्त्रोत और विकास कार्यों के महत्वपूर्ण कड़ी माने जाते हैं उनके विरोधी भ्रष्टाचार के आरोप लगे और उन्हें जेल की हवा खानी पड़ रही है इस परिस्थिति में अब यह प्रश्न पूछता है कि जिला के सर्वोच्च अधिकारी पद पर रहने वाले यह इस राजहित के बजाय स्वहित को कब प्राथमिकता देने लगते हैं इसके बेटा तार्किक पूर्ण चर्चा होनी चाहिए यह काफी पीड़ा जनक है कि जिनके कार्यों में विकास की जवाब दे ही हो और जन अपेक्षा तथा प्रदेशवासियों की जो आकांशा होती है उसमें वर्तमान समय में क्या कमी और त्रुटि है विनय कुमार चौबे भारतीय प्रशासनिक सेवा 1999 बेच के आईएएस अधिकारी हैं तथा मूल रूप से औरंगाबाद जिला के निवासी हैं उनका स्वास्थ्य भी इन दोनों ठीक नहीं है तथा इलाज करा कर वह लौटे हैं इसकी उन्होंने जानकारी भी दी है पूरे राज्य में अब यह चर्चा जोरों पर है कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी आखिर क्यों ऐसे परिस्थितियों से घिरते जा रहे हैं या फिर वह अपने कर्तव्य से भटक कर इतने ऊंचे ओहदे पर आसीन रहकर ऐसे कार्यों को अंजाम दे रहे हैं जिससे ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवककी इलाज के दौरान मौत

### पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया

**संवाददाता**



**गुमला :** जिला अंतर्गत स्थित सिसई थाना क्षेत्र के डोम्बा ग्राम मोड़ के समक्ष तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पलटा , सड़क में गिर कर हुआ गंभीर रूप से हुआ घायल और गुमला सदर अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में हुई मौत , घाघरा थाना अंतर्गत स्थित गुनिया ग्राम निवासी 21 वर्षीय युवक आकाश उरांव को गंभीर रूप से घायल होने के बाद उसे सड़क से उठकर आनन-फानन में इलाज के लिये सिसई रेफरल अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया, सोमवार के रात्रि लगभग 8 बजे , 108 एम्बुलेंस के द्वारा उसे गुमला सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर डोली केरकेट्टा ने जांचों उपरान्त आकाश उरांव को मृत घोषित कर दिया, बताया जाता हैं की आकाश उरांव सिसई थाना स्थित बधिया ग्राम अपने ससुराल आए हुए था और वहां से वह बाइक में सवार होकर अपने घर दूड़िया ग्राम जा रहा था , इसी क्रम में तेज रफ्तार के कारण डोम्बा ग्राम के समक्ष स्थित मोड़ में बाइक एकाएक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया और वह सड़क में गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया और हेलमेट नहीं पहनने के कारण सिर में गंभीर चोट लगने और सिर से अधिक रक्त रिसाव होने के कारण उसकी मौत गुमला सदर अस्पताल लाने के क्रम में उसकी मौत रास्ते में ही हो गई थी, क्योकि गुमला सदर अस्पताल पहुंचेते ही डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था, उक्त सूचना मिलते ही सिसई थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें, गुमला सदर अस्पताल पहुंचकर उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया गया और शवगृह में रखवाया गया और आज मंगलवार को उक्त शव का पोस्टमार्टम कराकर उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया, पुलिस मामले की गहराई से छानबीन और पुछताछ शुरू कर दी हैं।

## टोकलो रोड़ स्थित मां काली मंदिर लोगों के श्रद्धा, निष्ठा का अनुपम स्थल है

**कमल केसरी**



**चक्रधरपुर** टोकलो रोड़ स्थित मां काली मंदिर लोगों का जन आस्था का अनुपम स्थल है इस मंदिर में प्रतिदिन मां का दर्शन और पूजा अर्चना के लिए भक्तिजनों और श्रद्धालुओं का आगमन होता है किंतु विशेष रूप से अमावस्या के दिन लोगों की भीड़ उमड़ पड़ती है श्रद्धा निष्ठा और आस्था का मां काली मंदिर अनुपम स्थल है। मां की आरती के समय लोगों की उपस्थिति देखते ही बनती है विधिवत पूजा अर्चना और मंत्रोच्चार के साथ पूजा मुख्य आकर्षण का केंद्र है। अमावस्या के दिन मां की विशेष पूजा अर्चना के साथ-साथ व्यापक रूप से भोग वितरण किया जाता है जिससे मुख्य रूप से खीर खिचड़ी और सब्जी होता है।इस प्रकार से कहा जा सकता है कि टोकलो रोड़ स्थित मां काली का मंदिर लोगों के आस्था का केंद्र है।

## चाईबासा अंचल अधिकारी उपेंद्र कुमार कार्यों का तेजी से कर रहे हैं निष्पादन



**बिनय मिश्रा**

**अधिकारी** अगर कर्मठ हो कार्यों के निष्पादन हेतु लगन हो जन समस्या के निष्पादन हेतु हमेशा गंभीर होकर लोगों की पीड़ा को दूर करने कीइच्छा के साथ-साथ इच्छा शक्ति हो तो अंचल कोबेहतर अंचल बनने में देर नहीं लगता चाईबासा अंचल के अंचल अधिकारी उपेंद्र कुमार के बेहतर कार्य प्रणाली और उत्कृष्ट कार्यो का ही या परिणाम है कि वर्तमान समय में चाईबासा अंचल की स्थिति काफी बेहतर हुई है जन समस्याओं का निष्पादन लोगों की पीड़ा जानने के साथ-साथ उनकी समस्या का गंभीरता पूर्वक निष्पादन अंचल अधिकारी उपेंद्र कुमार की विशेषता है इससे पूर्व चाईबासा अंचल में कार्यों की गति काफी धीमी और शिथिल रहने के कारण चाईबासा अंचल की शिकायत विभाग सचिव तक पहुंची थी किंतु वर्तमान समय में कायोकी त्वरित करवाई और

अंचल से संबंधित कार्यों का निष्पादन तत्कालहोने के करण चाइबास अंचल की स्थिति वर्तमान समय में काफी बेहतर और सुदृढ़ और बेहतरहुई है अंचल अधिकारी उपेंद्र कुमार का स्पष्ट मानना है कि लोग अपनी पीड़ा और समस्या को लेकर अंचल कार्यालय पहुंचते हैं इसलिए उनका परमदायित्व है कि वह उनके बातों को सुनने के साथ ही उनके समस्या का निवारण करने का हर संभव प्रयास किया जाय और लोगों को राहत भी दिलाये जाय पश्चिम सिंहभूम के उपायुक्त कुलदीप चौधरी भी वर्तमान समय में चाईबासा अंचल के कार्यों को सराहा है तथा अंचल अधिकारी के द्वारा भूमि निष्पादन और जन समस्याओं का निवारण बेहतर ढंग से करने को काफी बेहतर माना है इस प्रकार से कहा जा सकता है कि अधिकारियों की बेहतर कर प्रणाली का सार्थक परिणाम काफी कारगर होता है और लोगों को राहत भी मिलता है ऐसे अंचल अधिकारी से विभाग और जिला दोनों गोरवान्वित होते हैं।

## विनय चौबे की गिरफ्तारी सोंची-समझी साजिश : बाबूलाल मरांडी


**रांची :** झारखंड में शराब घोटाले को लेकर सियासी पारा लगातार चढ़ता जा रहा है। सीनियर आईएएस अधिकारी विनय चौबे की एसीबी द्वारा गिरफ्तारी के बाद अब विपक्ष हमलावर हो गया है। बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता करते हुए नेता प्रतिपक्ष और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। मरांडी ने कहा कि यह घोटाला किसी एक अधिकारी की लापरवाही नहीं, बल्कि एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा है। उन्होंने दावा किया कि तीन साल पहले ही उन्होंने सीएम को पत्र लिखकर इस घोटाले की आशंका जताई थी। पत्र में जिन कंपनियों के नाम दिए गए थे, उन्हीं कंपनियों को बाद में ठेके भी दिए गए। भाजपा नेता ने सवाल उठाया कि जब यह मामला पहले से ज्ञात था, तो सितंबर 2024 में ही प्राथमिकी क्यों दर्ज की गई? उन्होंने कहा कि मीडिया में खबरें आने के बाद ही सरकार हरकत में आई और अक्टूबर में प्रारंभिक जांच शुरू की गई, लेकिन एफआईआर 20 मई 2025 को दर्ज की गई, जो अपने आप में संदेह पैदा करता है।

## धनबाद से सूरत के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन, मुख्यालय ने दे दी हरी झंडी

**धनबाद :** धनबाद से सूरत के उधना के बीच नई स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। रेलवे बोर्ड जल्द घोषणा करेगा। 03327-03328 धनबाद-एलटीटी-धनबाद स्पेशल के रद्द होने के बाद ट्रेन की खाली रेक से धनबाद से नए रूट पर ट्रेन चलाने का प्रस्ताव धनबाद रेल मंडल ने मुख्यालय को भेजा है। मुख्यालय ने प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है। रूट और समय को अंतिम रूप देकर इस साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन की घोषणा की जाएगी। अनिश्चितकालीन देरी से चलने के कारण रेलवे ने धनबाद-एलटीटी स्पेशल के सभी फेरों को रद्द कर दिया है। ट्रेन रद्द होने के कारण 03380 एलटीटी-धनबाद स्पेशल के मुंबई से धनबाद लौटने के बाद इसकी रेक को यहां 87 घंटे खड़ा रखना होगा। खाली रेक के सदुपयोग के लिए धनबाद से उधना के बीच नई स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। धनबाद-उधना स्पेशल ट्रेन धनबाद से भुसावल तक धनबाद-एलटीटी स्पेशल के रूट पर चलेगी। भुसावल के आगे ट्रेन उधना की ओर मुड़ जाएगी। उधना को सूरत का टर्मिनल स्टेशन भी माना जाता है। दरअसल उधना से सूरत स्टेशन की दूरी महज चार किलोमीटर है। यानी धनबाद से उधना के बीच नई स्पेशल ट्रेन चलने से सूरत जाने का बेहतर विकल्प लोगों को मिल जाएगा।

**मालदा टाउन-सूरत एक्सप्रेस के यात्रियों को मिलेगी राहत :** धनबाद होकर सूरत के लिए एक मात्र ट्रेन मालदा टाउन-सूरत एक्सप्रेस सप्ताह में एक दिन चलती है। लाइन खुलते ही ट्रेन की दो माह पहले एडवांस बुकिंग हो जाती है। मालदा टाउन-सूरत एक्सप्रेस बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया, नागपुर होते हुए भुसवाल जाती है, जबकि प्रस्ताव के अनुसार धनबाद-उधना स्पेशल पतरातू, रेणुकूट होते हुए भुसावल तक चलेगी। वहां से जलगांव होते हुए उधना पहुंचेगी।

**सूरत जाने वाले संताल-कोयलांचल के यात्री आते हैं धनबाद :** सूरत में कई उद्योग धंधे हैं। धनबाद, गिरिडीह व बोकारो के साथ संताल परगना से हजारों मजदूर हर सप्ताह सूरत जाते हैं। ट्रेन में चढ़ने के लिए हर शनिवार को सैकड़ों लोगों की भीड़ धनबाद स्टेशन पर उमड़ती है। जनरल बोगियों से लेकर रिजर्वेशन बोगियों तक मालदा टाउन-सूरत एक्सप्रेस में यात्रियों का कब्जा रहता है।



## जंगली हाथी ने स्कूल का खिड़की तोड़कर डेढ़ सौ किलो चावल खा गया

**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित अल्बर्ट एक्का जारी प्रखण्ड में लगातार बिगड़ैल और आक्रोर्षित जंगली हाथी के आक्रमण से ग्रामीणों में काफी खौफ - दहशत और असुरक्षा की भावना व्याप्त हैं, क्योंकि गत माह उक्त हांथी ने एक व्यक्ति को मौत के घाट उतार चुका है और एक व्यक्ति को विकलांग कर चुका हैं, बताया जाता हैं की सोमवार की रात्रि लगभग दो बजे उक्त बिगड़ैल आक्रर्षित हांथी तिलई टोली में प्रवेश कर राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय तिलई टोली के खिड़की को अपने सूंढ से तोड़ कर विद्यालय में रखे 150 किलो ग्राम चावल चट कर (खा) गया और बर्बाद कर दिया इस क्रम में विद्यालय क्षतिग्रस्त हो गया और कई जगह दरारें पड़ गई है , उक्त हांथी की आने की खबर सुनकर पुरे गांव के ग्रामीण एकत्रित हो गए और उक्त हांथी को जंगल के तरफ भगाने में उन्हें मंगलवार की सुबह लगभग पांच बज गई, उक्त सूचना पर उक्त विद्यालय के प्राचार्य श्याम सुंदर सिंह 7:00 बजे सुबह में पहुंचे और वन विभाग के जारी प्रखण्ड के प्रभारी वनपाल सुखदेव लकड़ा ने बताया की उक्त हांथी द्वारा क्षतिग्रस्त विधालय और 150 किलो चावल का भरपाई वन विभाग द्वारा किया जाएगा, उक्त आश्वासन और ठग्गू के लड्डू कब तक खिलाती रहेगी वन विभाग एवं संबंधित पदाधिकारी।

## जन शिकायत निवारण दिवस में सुनी गईं नागरिकों की समस्याएं

### उपायुक्त ने दिए त्वरित निदान के निर्देश

**संवाददाता**



**गुमला :** गुमला समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जिले भर से आए नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं और शिकायतों को रखा। उपायुक्त ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को समयबद्ध और प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

जन शिकायत निवारण दिवस के दौरान आदर पंचायत अंतर्गत सेरेंगदाग गांव के निवासियों द्वारा गांव में बिजली ,पानी,सड़क एवं अस्पताल निर्माण हेतु आवेदन दिया गया है।इनका कहना है गांव में इन आधारभूत सुविधाओं की कमी है। जिसके कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी होती है।उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को गांव में डॉक्टर एवं एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिया है साथ ही अन्य समस्याओं के समाधान हेतु भी निर्देश दिए गए।

हरिजन मोहल्ला, टोटो के निवासियों द्वारा बताया गया कि वार्ड नंबर 5 में नल जल योजना के तहत कार्य अधूरा करके छोड़ दिया गया। जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है।उपायुक्त ने संबंधित विभाग को यथाशीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

परसा पंचायत अंतर्गत तेलया गांव के ग्राम प्रधान द्वारा बताया गया कि गांव में पेयजल की समस्या है। पूर्व में, गांव में पानी टंकी का निर्माण हुआ था, जिससे सभी घरों में पानी उपलब्ध था। लेकिन कुछ समय से पेयजल समस्या उत्पन्न हो गई है। इसलिए ग्रामीणों द्वारा एक डीप बोरिंग कराने का आग्रह किया गया है। इस संबंध में उपायुक्त ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया।

कार्यक्रम में अन्य कई नागरिकों ने भी अपनी समस्याएं रखीं, जिनमें अधूरे कुएं के निर्माण, रोजगार, बिजली आपूर्ति में बाधा, केवाईसी, राशन डीलर बदलने जैसे विषय शामिल थे। एतवा उरांव ने अबुआ आवास योजना का लाभ देने का अनुरोध किया है। इन्हें अबतक अबुआ आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। घाघरा निवासी अनिता देवी ने ऋण माफी हेतु आवेदन दिया है। इनके पति का देहांत हो गया है और इनकी आर्थिक स्थिति दयनीय है।

रायडीह प्रखंड अंतर्गत कोणडरा गांव में मोबाइल नेटवर्क नहीं रहने की समस्या है। मुखिया द्वारा इस संबंध में आवेदन दिया गया है। इस समस्या के समाधान हेतु उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिया।

जन सुनवाई में जिले के विभिन्न प्रखंडों से लगभग 50 से अधिक नागरिक उपस्थित हुए। पेंशन, राशन, आवास, बिजली, पानी, सड़क जैसे जनहित से जुड़े मुद्दों पर नागरिकों द्वारा आवेदन दिए गए, जिन पर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए।